# दैनिक भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | सम्पादकः अमृतपाल सिंह | DAILY BHARAT DESH HAMARA NEW DELHI

पीआरजीआई ( आरएनआई ) रज़ि नं. 57282/1994 वर्ष 30 अंक 258 नई दिल्ली वीरवार 18 सितम्बर, 2025 मूल्य एक रुपया कुल पृष्ठः 8 फोन 97111 01161 ईमेल : bharatdeshdelhi@gmail.com


### कार और ट्रक की भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत

नेल्लोर, 17 सितम्बर (निस) नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास बुधवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। बालू से लदे ट्रक और कार की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिसमें एक ही परिवार के सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक 15 वर्षीय किशोरी भी शामिल है।

### अमितशाह आज बिहार में

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतक हलचल तेज हो गई है। सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हैं। इस बीच खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को 20 जिलों के बीजेपी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। वह पार्टी सांसद, विधायक,नेता और वरिष्ठ जनों से संवाद करेंगे।

# आप्रेशन सिंदूर में सेना ने आतंकियों को करारा सबक दिया-पीएम मोदी

## अपने 75वें जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश में आयोजित समारोह में पीएम ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरु किया




धार 17 सितम्बर (निस): अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को धार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया। इसी दौरान उन्होंने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान, 8वें राष्ट्रीय पोषण माह, आदि कर्मयोगी अभियान और 'सुमन सखी चैटबॉट' की भी शुरुआत की।इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की सुरक्षा और नए भारत के आत्मविश्वास का उल्लेख कर कहा, हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। कल ही पूरे देश और दुनिया ने देखा है कि एक आतंकी ने रो-रोकर अपना हाल बताया है। ये नया भारत है, जो किसी की परमाणु धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोजन का केंद्र नारी शक्ति है। आज का कार्यक्रम धार में हो रहा है, परंतु इसका लाभ पूरे देश की माताओं-बहनों होगा। यहां से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ हो रहा है। देशभर में अलग-अलग चरणों में आदि सेवा पर्व की गूंज सुनाई दे रही है और अब इसका मध्यप्रदेश संस्करण भी प्रारंभ हो रहा है। यह अभियान धार सहित पूरे आदिवासी समाज को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का सेतु बनेगा।पीएम मोदी ने मौके पर जनता से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य, पोषण और सेवा के इन अभियानों से जुड़कर समाज को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी तय करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विश्वकर्मा जयंती के दिन देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास हुआ है। इस पार्क से भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी। किसान को उसकी उपज का सही मूल्य मिलेगा। पीएम मित्र पार्क से युवाओं को बहुत बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। पीएम मोदी ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान को लेकर कहा कि यह माताओं-बहनों को समर्पित है। उन्होंने कहा, उनकी सरकार का एक ही मकसद है एक भी महिला, जानकारी या संसाधनों **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### अब कपकंपा देने वाली ठंड के लिए तैयार रहे

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) भारतीय मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल के अंत तक ला नीना के कारण मौसम का पैटर्न प्रभावित होगा और इसकारण भारत में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ेगी है। एक अमेरिकी मौसम एजेंसी ने कहा कि अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना बनने की प्रबल उम्मीद बन रही है। मौसम विभाग ने बताया कि ला नीना प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय हिस्से में समुद्र सतह के तापमान के ठंडा होने की स्थिति है, इसका असर पूरी दुनिया के मौसम पर दिखाता है और इसकारण भारत में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

आईएमडी ने बताया कि अभी स्थितियां सामान्य बनी हुई हैं, लेकिन भारतीय मौसम विभाग का मानना है कि मॉनसून के बाद ला नीना की संभावना बढ़ेगी। एक वरिष्ठ आईएमडी अधिकारी ने कहा, हमारे मॉडल अक्टूबर-दिसंबर में ला नीना विकसित होने की 50 प्रतिशत से अधिक संभावना दिखा रहे हैं। ला नीना के दौरान भारत में सर्दियां सामान्य से ठंडी होती हैं। इस बार ये कड़ाके की हो सकती हैं।

# श्रम शक्ति के बल पर भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर-सीएम सैनी



चंडीगढ़, 17 सितम्बर (अमृतपाल सिंह) भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर हरियाणा में कारीगरों और शिल्पकारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत हरियाणा के उन कारीगरों को 5 हजार रुपये का टॉप अप प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को रोहतक में श्री विश्वकर्मा जयंती एवं श्रमिक दिवस समारोह पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समारोह में पूर्व मंत्री श्री मनीष ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह शुभ संयोग है कि आज दिव्य शिल्पी भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती है। 21वीं शताब्दी के नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। उन्होंने हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता की ओर से भगवान विश्वकर्मा को नमन किया प्रधानमंत्री को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा शिक्षा समिति, रोहतक को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज द्वारा आवेदन करने पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के नियमानुसार प्लॉट आवंटित किया जाएगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत प्रदेश में 4200 बेटियों की शादी के लिए 22 करोड़ रुपये की राशि 30 सितंबर तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जल्द पंजीकरण शुरू होगा और जल्द ही बहनों को 2100 रुपये प्रति माह का लाभ दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने दिव्य शिल्पी, भगवान विश्वकर्मा जी को नमन करते हुए कहा कि यह दिन उन सभी मेहनती, ईमानदार और कर्मठ श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का है, जो अपनी मेहनत से देश के विकास की गाथा लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी ने कर्म कौशल के माध्यम से मेहनत करने की प्रेरणा दी थी। उन्हीं की प्रेरणा से प्राचीन काल से लेकर आज तक उनके लाखों साधनों के श्रम और कौशल की बदौलत हमारा विकास हुआ है।

**हरियाणा में अब तक पीएम विश्वकर्मा योजना में 41,366 आवेदक पंजीकृत, 30,655 कारीगरों ने पूरा किया कौशल प्रशिक्षण** - मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चुनौतियां भी हैं, औज़ार महंगे हैं, डिजाइन बदलते हैं, बाजार तक पहुंचना मुश्किल है और क्रेडिट की **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## हर बाढ़ पीड़ित का पुर्नवास मेरा संकल्प-सीएम मान


# मुख्यमंत्री मान ने लाँच किया मिशन चढ़दीकला, बाढ़ पीड़ितों के पुर्नवास के लिए विश्वस्तर पर फंड जुटाने की शुरुआत



चंडीगढ़ 17 सितम्बर (निस) पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के प्रयासों को तेज करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 'मिशन चढ़दी कला' की शुरुआत की है। इस मिशन के तहत पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश में बाढ़ प्रभावित लोगों को पुनः अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए की जा रही कोशिशों हेतु फंड जुटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते समय में प्रदेश ने एक ऐसे कठिन दौर से गुजरा है जिसे हमारी पीढ़ियाँ कभी भूल नहीं सकेंगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने सिर्फ पानी का कहर नहीं ढाया, बल्कि लाखों सपने भी इसके पानी में बह गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 2300 गांव डूब गए हैं, 20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, पांच लाख एकड़ फसल बर्बाद हो गई है, 56 कीमती जानें चली गईं और 7 लाख लोग बेघर हो गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 3200 स्कूल बर्बाद हो गए, 19 कॉलेज मलबे में बदल गए, 1400 क्लीनिक व अस्पताल खंडहर बन गए हैं, 8500 किलोमीटर सड़कें बदतर स्थिति में पहुंच गई हैं और 2500 पुल ढह गए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 13,800 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है जबकि नुकसान इससे कहीं अधिक हो सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भले ही यह पंजाब के इतिहास का सबसे भयावह दुखांत है, परंतु इसके साथ यह पंजाब के लिए सबसे बड़ा इम्तिहान भी है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी पंजाब ने किसी संकट का सामना किया है, पंजाबियों ने कभी संकट के सामने झुके नहीं, बल्कि हमेशा चट्टान की तरह हिम्मत से खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान भी युवा अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को बचा रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे गुरुद्वारे, मंदिर और अन्य धार्मिक स्थान मदद के लिए अपने दरवाजे खोल रहे थे और लंगर चला रहे थे, कैसे पूरा पंजाब माला के मनकों की तरह एकजुट होकर परिवार की तरह खड़ा हुआ। उन्होंने कहा कि यही हमारी सबसे बड़ी ताकत और विशेषता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है राहत और पुनर्वास से आगे बढ़ने का, क्योंकि हमारे किसान को फिर से खेती करनी है, बच्चों को फिर से स्कूल जाना है और बाढ़ पीड़ित परिवारों ने फिर से अपने घर बसाने हैं। **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

# भारत की संप्रभुता को चुनौती देने वालों को लोहे के चने चबवा देगी सेना-राजनाथ




नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक संघर्ष को रुकवाने के लिए हस्तक्षेप करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के कारण स्थगित नहीं हुई थी। राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और भी मजबूत हुआ है और कोई भी ताकत भारत की संप्रभुता को चुनौती देने की हिम्मत नहीं कर सकती। दुनिया के सबसे अमीर और शक्तिशाली लोगों को यह समझना चाहिए कि भारत न तो किसी ताकत के सामने झुका है और न ही भविष्य में झुकेगा। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित 78वें हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर भविष्य में कोई आतंकवादी हमला होता है तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू होगा। उन्होंने कहा, कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप के कारण हुआ। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप के कारण स्थगित नहीं हुआ था। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी स्पष्ट किया कि भारत ने इस संघर्ष में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था।ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों को हुए नुकसान का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने खुद स्वीकार किया है कि बहावलपुर हमले में खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार के चिथड़े उड़ गए थे।उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को बार-बार साबित किया है कि हमारा धैर्य ही हमारी ताकत है और हमारे धैर्य को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक हो, 2019 का बालाकोट हवाई हमला हो या 2025 का ऑपरेशन सिंदूर - भारत ने साबित कर दिया है कि जो लोग बातचीत, शांति और सद्भावना की भाषा नहीं समझते, हम उन्हें उनकी समझ में आने वाली भाषा में जवाब देना जानते हैं।देश में अभी भी रजाकारों के समर्थक हैं, ये हमारे सबसे बड़े दुश्मन-रक्षा मंत्री ने रजाकारों (निजाम शासन के सशस्त्र समर्थक) द्वारा किए गए अत्याचारों की तुलना पहलगाम आतंकी हमले से की, जहां लोगों को उनका धर्म पूछकर मार दिया

### पीएम मोदी दुनिया के प्रेरणास्रोत लीडर-योगी



लखनऊ 17 सितम्बर (निस) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर लखनऊ में सेवा पखवाड़ा-2025 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत आज दुनिया के लिए प्रेरणा बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जाएगा, जिसमें भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से जुड़ेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय राजनेताओं में से एक बताया। योगी ने बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में देश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। हर भारतीय, जो राजनीति से प्रेरित नहीं है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर गर्व महसूस करता है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और काशी विश्वनाथ धाम के जीर्णोद्धार जैसे ऐतिहासिक कार्यों का भी जिक्र किया।विरासत से जुड़े स्थलों के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का काम लगातार जारी है।

# सुप्रीम कोर्ट का पराली मामले पर रुख सख्त कुछ को जेल भेजो, तभी इनको सबक मिलेगा



नई दिल्ली, 17 सितम्बर (निस) दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों से पहले वायु प्रदूषण का स्तर हर साल बढ़ना तय सा हो गया है, और इसकी बड़ी वजह पराली जलाना मानी जाती है। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को जेल भेजने से ही दूसरों को सबक मिलेगा और इस पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी अहम टिप्पणी में कहा कि रोजी-रोटी से जुड़े हुए निर्माण कार्यों को पूरी तरह बंद करने की बजाय विकल्प तलाशें। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से नाराज़गी जताई। अदालत ने कहा कि हर साल सिर्फ मीटिंग और योजनाओं की घोषणाओं से काम नहीं चलेगा, अब ठोस कार्रवाई करनी होगी। शीर्ष अदालत ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे तीन सप्ताह के भीतर यह बताएं कि सर्दियों की शुरुआत से पहले वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएंगे। अदालत ने साफ कहा कि अगर पहले से तैयारी नहीं की गई तो हालात बेकाबू हो जाएंगे। सुनवाई के दौरान अदालत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती करनी होगी। यदि कुछ को जेल भेजा जाएगा, तो दूसरों को भी चेतावनी मिलेगी और यह समस्या कम होगी।

# देशभर में मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिवसः राष्ट्रपति मुर्मू, राहुल, खड़गे एवं ट्रम्प सहित विश्व नेताओं ने दी बधाई



नई दिल्ली, 17 सितम्बर (निस) आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है। उनकी अच्छी सेहत और दीर्घायू होने की पूरा देश कामना कर रहा है। देश-दुनिया से बधाइयों का तांता लगा है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और न्यूजीलैंड के पीएम ने भी बधाई दी है। पीएम मोदी 75वें जन्मदिन पर देशभर में उनकी लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई हैं। वहीं केंद्र सरकार, भारतीय जनता पार्टी और बीजेपी नीत राज्य सरकारें मिलकर इस खास मौके पर कई बड़ी योजनाओं का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने बधाई देते हुए पोस्ट में कहा, 'भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने असाधारण नेतृत्व से आपने देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है। आज विश्व समुदाय भी आपके मार्गदर्शन में अपना विश्वास प्रकट कर रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि आप सदा स्वस्थ और सानंद रहें तथा अपने अद्वितीय नेतृत्व से राष्ट्र को प्रगति के नए शिखरों पर पहुंचाएं।गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि त्याग और समर्पण के प्रतीक, करोड़ों देशवासियों की प्रेरणा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर ने अच्छी सेहत और लंबी उम्र दे। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा, कुछ अनुभव ऐसे होते हैं जो इतिहास की दिशा तय कर देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी से जुड़ा मेरा पहला अनुभव भी ऐसा ही था। झाँसी में उनके भाषण में मैंने भविष्य के नेतृत्व की चमक देखी थी।

## कांग्रेस को हाईकोर्ट से झटका, पीएम की मां का एआई वीडियो तुरंत हटाने का आदेश

पटना, 17 सितम्बर (निस) पटना हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को दर्शाने वाले एक एआई वीडियो को तुरंत हटाने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां पर आधारित एआई वीडियो बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बुधवार को पटना हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को वीडियो तुरंत हटाने का निर्देश दिया। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजंथरी के समक्ष सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी का अपमान करने वाले वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तुरंत हटाने का आदेश दिया। मालूम हो कि 10 सितंबर को, बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी की मां का एआई-आधारित चित्रण दिखाया गया है। इस विवादास्पद वीडियो में, दिवंगत हीराबेन मोदी का किरदार अपने बेटे नरेंद्र मोदी को राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का दुरुपयोग करने के लिए डांटता हुआ दिखाई दे रहा है। भाजपा ने इस वीडियो का कड़ा विरोध करते हुए इसे मोदी की मां का अपमान बताया है।



# सीमांचल की बदलती डेमोग्राफी को हम बदल देंगे फिर कोई रोहिंग्या नहीं दिखेगा-गिरिराज सिंह



बक्सर 17 सितम्बर (निस) बिहार और बंगाल में सीमांचल की डेमोग्राफी बदल रही है। वहां आज भी 1946 जैसे हालात हैं, लेकिन यह स्थिति बदलेगी। बदलती डेमोग्राफी को हम बदलेंगे। कोई रोहिंग्या यहां नहीं दिखेगा। ये बातें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहीं। मंगलवार को किला मैदान में बक्सर एवं भोजपुर के भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयुक्त युवा शंखनाद कार्यक्रम को वह संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 20 साल पुराने लालटेन युग की तुलना आज के विकास से की तथा स्कूली लड़कियों के पोशाक से लेकर उनके साइकिल से स्कूल जाने और परीक्षा पास होने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एनडीए सरकार की ही देन है कि 2005 में महिला साक्षरता जहां 37 प्रतिशत थी, वही अब 87 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने जनता से सवाल किया, 20 साल पहले क्या बिजली आती थी? क्या सड़कें चलने लायक थीं? पहले की सड़कें होतीं तो क्या राहुल और तेजस्वी अपनी यात्रा पूरी कर पाते? अगर इसके बाद भी किसी को विकास नहीं दिखाई दे रहा है तो उसको क्या कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने बिजली, घर, पेंशन, शौचालय और गैस कनेक्शन देते वक्त हिंदू-मुसलमान का भेद नहीं किया।

# मोदी जी के शासन में करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया, सशक्त नेता-अमित शाह



नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस):केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री पिछले एक दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और वह प्रत्येक नागरिक के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं। 'हैप्पी बर्थडे पीएम मोदी' हैशटैग के साथ 'एक्स' पर अपने पोस्ट में शाह ने यह भी कहा कि ''व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है।करोड़ों देशवासियों के जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन लाकर 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है।'' ''देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम है- श्री नरेन्द्र मोदी जी।''

# काम से निपट कर एक दूसरे के लिए भी समय निकालें



रिश्ते को मजबूत बनाने में प्यार और विश्वास का होना बहुत जरूरी है। पति-पत्नी में प्यार ही उनकी शादीशुदा जिदंगी को आगे बढ़ने में मदद करता है लेकिन जब शादी को काफी साल बीत जाते हैं तो रिश्ते में से प्यार खत्म होने लगता है। शादी के कुछ सालों बाद बच्चों की देखभाल और बाहर का काम करने में दोनों इतने व्यस्त हो जाते हैं कि एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते जिससे रिश्ते में दूरियां आ जाती हैं और छोटी-मोटी बात पर भी झगड़े होने लगते हैं। ऐसे में पति को खुश करने के लिए और रिश्ते में दोबारा प्यार जगाने के लिए कुछ तरीके अपना सकते हैं।

वैसे तो आजकल इंटरनेट का जमाना है और हर बात मोबाईल के जरिए दूसरों तक आसानी से पहुंचाई जा सकती है लेकिन आप कुछ अलग करके पति को खुश कर सकती हैं। ऐसे में पति के लिए लव लैटर लिखें और उनके लंच बॉक्स में रख दें। जिसे पढ़कर वह खुश हो जाएंगे।

अक्सर घर के काम-काज में महिलाएं इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि उनके पास पति से बात करने का समय नहीं होता लेकिन जब पति सारा दिन ऑफिस में काम करके घर आए तो कुछ समय निकाल कर उनके साथ जरूर बैठें और उनके मन की बात जरूर सूनें।

थैंक्यू और सॉरी ऐसे शब्द हैं जिन्हें सुनकर सामने वाला अपना सम्मान समझता है। ऐसे में जब भी पति आपके लिए कुछ खास करे तो उसे धन्यावाद जरूर करें जिसे सुनकर उसका आपके प्रति प्यार पढ़ जाएगा।

कहा जाता है कि पति के दिल का रास्ता उसके पेट से होकर जाता है। ऐसे में अगर आप वर्किंग वुमेन हैं तो छुट्टी वाले दिन अपने पति के मनपसंद का खाना बनाकर उन्हें सरप्राइज दे सकती हैं।

मर्दों को अपने दोस्तों के साथ समय बिताना बहुत पसंद होता है। इस बात से महिलाओं को काफी परेशानी होती है और पति से लड़ाई-झगड़े करती रहती हैं लेकिन पति को खुश रखने के लिए महीने में एक बार उनके दोस्तों को परिवार सहित अपने घर में दावत के लिए बुलाएं। इससे पति के मन में आपके लिए प्यार और इज्जत बढ़ जाएगी।

**इस प्रकार ससुराल वालों का दिल जीत सकती है आप**

शादी के बाद ससुराल में प्रवेश करते ही हर लड़की नए बंधनो में बंध जाती हैं और इसके साथ ही उसकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। ऐसे में लड़की के लिए जरूरी होता हैं कि वह अपने ससुराल वालों को भी खुश रखें और उन्हें अपने मायके की तरह ही प्यार करे। इसलिए अगर आपकी की भी नई-नई शादी हुई है, तो इन आसान तरीका से आप भी अपने ससुराल वाला का दिल जीत सकती है। इससे आपकी शादीशुदा जिंदगी अच्छी चलेगी और आप भी खुश रहेंगी।

**सबका मन जीते**

शादी का यह मतलब नहीं कि आपका रिश्ता सिर्फ आपके पति के साथ ही है। बल्कि उसके पूरे परिवार के साथ आपके रिश्ते की डोर बंधी है। इसलिए सभी का मान-सम्मान करें और अपने मीठे बोल व काम से सभी का दिल जीतने का प्रयास करें। तभी आप ससुराल में अपनी एक खास जगह बना पाएंगी।

पूरे परिवार के साथ घुलमिल कर रहें, ताकि आपको अपने ससुराल में घुलने-मिलने में किसी तरह की केई परेशानी न आये। इससे आप सभी का व्यवहार भी समझ पायंगी और रिश्तों में कड़वाहट नहीं आयेगी। हर सास को उम्मीद होती है कि उसकी बहू ऐसी आये जो उसके परिवार को एक डोर से बांध सके। हो सकता है कि शुरुआत में आपकी सास आपके साथ थोड़ी सख्त हो, लेकिन आप अपने प्यार से उनका दिल जीत सकती है क्योंकि सास ही आपके पति और आपके बीच की एक अहम कड़ी है। इसलिए उनका निरादर कभी न करें।

हर घर में थोड़ी बहुत तकरार होती रहती है। अगर आपको भी ससुराल में किसी बात से परेशानी है या किसी का व्यवहार आपको पसंद नहीं, तो उनसे खुलकर बात करें। पति को इस संशय में न फंसाए कि उन्हें परिवार के सामने आपका पक्ष लेना पड़े। इससे रिश्ते कमजोर पड़ते हैं और परिवार टूटता है।

**पार्टनर को प्यार और समझदारी से हैंडल करें**

पत्नी-पति के बीच भले ही प्यार बेहद हो लेकिन लड़ाई-झगड़ा होना भी जाहिर है। कुछ लोगों की पार्टनर काफी जिद्दी होते है। बात-बात पर जिद्द करने लगते है। अगर आपका पार्टनर भी जिद्दी है तो उसके साथ गुस्से से नहीं बल्कि प्यार और समझदारी से हैंडल करें। पार्टनर को हमेशा प्यार के साथ डील करें क्योंकि प्यार अच्छे-अच्छों को सुधार देता है। जब भी कोई बात हो तो गुस्सा छोड़कर पार्टनर को प्यार से बैठाकर उससे बात-चीत करें।

पार्टनर के साथ किसी बात की जिद्द करने के बजाएं , उनसे अपने लिए थोड़ा समय मांगे। जिस विषय को लेकर पार्टनर जिद्द कर रहा है उसके बारे में बाद में डील करें। किसी न किसी बहाने के साथ बात को टालने की कोशिश करें। जिद्दी लोगों की खासियत होती है कि वह खास समय में तो काफी जिद्द करने लगते है लेकिन धीरे-धीरे अपने आप काबू पा लेते है। ऐसे में धैर्य से काम लें, ताकि पार्टनर अपनी जिद्द को भूल जाए। जब पार्टनर जिद्द करने या कोई गलत बात बोल दे तो उसी समय बता दें। कोई भी बात को अपने मन में न ऱखें क्योंकि बातें साझा करने से समस्याएं जल्दी सुलझ जाती है।

कभी खुद डॉमिनेटिंग रूख लें। यानी पति के टिप्स उन्हीं पर आजमाएं। वह जिस बात को लेकर जिद्द करने लगे तो आप भी उसी बात को लेकर जिद्द करने लग जाएं। इससे पार्टनर को अपनी गिलती का एहसास होगा।

# प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का प्रयोग करना सेहत के लिए फायदेमंद

चेहरों पर दाग-धब्बों से बचना है तो अपनाएं मेकअप उतारने के ये प्राकृतिक नुस्खेमेकअप हटाने के लिए प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल त्वचा की सेहत के लिए फायदेमंद है।

अगर आप नियमित रूप से मेकअप करती हैं तो आपके लिए उसे ठीक तरह से उतारना भी बेहद जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि मेकअप ठीक से न उतारने की वजह से आप कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स की चपेट में आ सकती हैं। चेहरे से मेकअप उतारने के लिए बेहतर मेकअप रिमूवर ढूंढना आपके लिए किसी कठिन चुनौती से कम नहीं है। कई तरह के मेकअप रिमूवर काफी ऑयली होते हैं, तो कुछ ऐसे भी होते हैं जो चेहरे पर गहरे धब्बे छोड़ जाते हैं। ऐसे में आपको चाहिए कि मेकअप हटाने के लिए प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें। जिनकी त्वचा कुछ ज्यादा सेंसिटिव होती है उनके लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होती। आज हम आपको कुछ ऐसे ही नेचुरल मेकअप रिमूवर के बारे में बताने जा रहे हैं।




ऑलिव ऑयल - थोड़ा सा ऑलिव ऑयल किसी सूती कपड़े पर लेकर उसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। यह आपके चेहरे की सारी गंदगी को दूर कर उसे पूरी तरह से साफ कर देगा।

खीरे का पेस्ट - खीरे की तासीर काफी ठंडी होती है, यह हम सभी जानते हैं। खीरे को कद्दूकस पर घिसकर उसका पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट में एक चम्मच बादाम का तेल मिलाकर पूरे चेहरे पर रगड़िए। कुछ देर बाद गर्म पानी से इसे धो लीजिए। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक सुंदरता देगा।

एलोवेरा जेल - एलोवेरा त्वचा का काफी लोकप्रिय प्राकृतिक उपचार है। दो चम्मच एलोवेरा जेल को तीन चम्मच जैतून के तेल के साथ मिलाएं और सूती कपड़े की मदद से इसे पूरे चेहरे पर लगाएं। दो मिनट बाद इसे धोकर साफ कपड़े से पोछ लें।

दूध - अगर आपकी त्वचा थोड़ी सेंसिटिव है तो आपके लिए दूध का प्रयोग मेकअप रिमूवर के बतौर ज्यादा सही रहेगा। कॉटन बॉल को दूध में भिगोकर इससे अपने चेहरे को साफ करें। यह आपके चेहरे को पूरी तरह से साफ कर देगा।

दही - दही एक बेहतरीन मेकअप रिमूवर की तरह काम करता है। दही को अच्छी तरह से फेंटकर किसी कॉटन बॉल की सहायता से अपने चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर हल्के हाथों से रगड़ें। जब मेकअप पूरी तरह से उतर जाए तो चेहरे को पानी से अच्छी तरह से धो लें।

# मोनोपोज के बाद अपने खानपान पर अधिक ध्यान दें

मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईंज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।




**मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं**

आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है।

जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है।

# चेतावनी : मोबाइल की लत कर रही रिश्ते तबाह

बढ़ता मोबाइल उपयोग पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम कम कर रहा है, जिससे रिश्ते खराब हो रहे हैं और झगड़े बढ़ रहे हैं। वैनेसा मारिन सलाह देती हैं कि खाने या बातचीत के दौरान फोन से दूरी बनाकर, आप संबंध सुधारें और पार्टनर को महत्व दें।



फोन हमारी जिंदगी का बड़ा हिस्सा बन चुका है। लेकिन सोचिए, क्या ये आपके पार्टनर से भी ज्यादा जरूरी है? दिनभर ऑफिस में 8 घंटे से ज्यादा काम, फिर सफर में 2 घंटे फोन हाथ में और घर आने के बाद भी फोन से नजरें नहीं हटतीं, क्या ये ठीक है?

फोन इस्तेमाल करना गलत नहीं है। लेकिन जब वही वक्त आप अपने पार्टनर को दे सकते हैं, तब फोन में उलझना गलत साबित हो सकता है। ये आदत धीरे-धीरे आपके रिश्ते को कमजोर कर देती है। शायद आपने कभी इस तरफ सोचा ही नहीं होगा। लेकिन अब सोचना चाहिए। जो लोग नौकरी या बिजनेस करते हैं, उन्हें अपने पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका वैसे भी कम मिलता है। अगर वो भी फोन स्क्रॉल करते हुए निकल जाए, तो सामने वाले को बुरा लगता है। उन्हें लगता है कि आप उनकी इज्जत या अहमियत नहीं समझते। इससे प्यार और नजदीकी पर असर पड़ता है। कोई भी इंसान ऐसा महसूस नहीं करना चाहता। खासकर तब, जब एक-दूसरे के साथ वक्त बिताने का समय बहुत कम हो। तो फिर सवाल है, आप इसे कैसे बदल सकते हैं?कपल थेरेपिस्ट वैनेसा मारिन ने इस बारे में एक रील शेयर की। उन्होंने बताया कि फोन की ये आदत कपल्स के बीच झगड़ों का बड़ा कारण बन रही है। ये सिर्फ ज्यादा स्क्रीन टाइम की बात नहीं है। इससे ये मैसेज भी जाता है कि आप अपने पार्टनर को नजरअंदाज कर रहे हैं। लगातार स्क्रॉल करने से साथी को अकेला, दूर और कम अहमियत वाला महसूस होता है।

इसका हल क्या है?-इस समस्या का हल निकालने के लिए वह सलाह देती हैं कि फोन के इस्तेमाल पर कुछ सीमाएं तय करें। जैसे, खाना खाते समय फोन को एक तरफ रख दें, पार्टनर के साथ टहलने जाएं तो फोन घर पर छोड़ दें, और सोने से पहले फोन का इस्तेमाल न करें। साथ ही, फोन को बेडरूम के बाहर रखना भी एक अच्छा तरीका है। सबसे अहम बात जो उन्होंने जोड़ी, वह यह कि अगर आपका साथी किसी गंभीर विषय पर बात कर रहा है, तो सुनिश्चित करें कि आप अपना फोन नीचे रखकर उनकी बात ध्यान से सुनें ताकि उन्हें लगे कि आप उनकी बात को महत्व देते हैं

**मजाक में की गई ये गलतियां रिश्तों में डाल सकती है दरार**

क्या आपका मजाक रिश्ते में दरार डाल रहा है? हंसी-मजाक रिश्तों की नींव है, पर जब यह पार्टनर के आत्मसम्मान और विश्वास को ठेस पहुंचाए, तो समझो खतरे की घंटी बज चुकी है। जानें कैसे गलत मजाक आपके रिश्ते को कमजोर कर भावनात्मक दूरी बढ़ा सकता है और इसे बचाएं।

जीवन में हंसी-मजाक का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह रिश्तों में ताजगी और खुशी बनाए रखता है। लेकिन, जब यही हंसी-मजाक किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने लगे, तो यह एक रिश्ते के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। हास्य एक पुल की तरह होता है जो दो लोगों को जोडता है, लेकिन अगर इस पर संभलकर न चला जाए, तो यही पुल रिश्ते में दरार भी डाल सकता है। मजाक तब तक ही अच्छा लगता है, जब तक वह आपसी सम्मान की सीमा में हो। जब कोई मजाक किसी की कमियों, शारीरिक बनावट, या निजी बातों को लेकर किया जाता है, तो यह आत्म-सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा सकता है।

**मजाक की सीमा क्यों जरूरी है?**- जब कोई मजाक किसी की कमियों, शारीरिक बनावट, या निजी बातों को लेकर किया जाता है, तो यह आत्म-सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा सकता है।

पति-पत्नी के बीच भी अगर मजाक सार्वजनिक रूप से किया जाए, तो यह शर्मिंदगी का कारण बन सकता है और रिश्ते में दरार पैदा कर सकता है।

**मजाक आपके रिश्ते को कैसे कमजोर कर सकता है?**

विश्वास में कमी जब मजाक सम्मान को कम करता है और सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करता है, तो यह रिश्ते में भरोसे की नींव को हिला देता है।

# नवरात्रों के दौरान महिलाओं के लिए सौंदर्य टिप्स

------- **शहनाज हुसैन**

देश में त्योहारों का सीजन शुरू होने ही बाला है /नवरात्रों से पाबन त्योहारों की शुरुआत मानी जाती है और नवरात्रे कुछ ही दिन बाद शुरू होने बाले हैं // नवरात्रो के बाद दशहरा , धनतेरस , दिवाली , करबा चौथ ,भाई दूज , छठ पूजा , सहित अनेक त्यौहार मनाये जायेंगे / नवरात्रों के दौरान महिलाओं को डांडिया , गरबा डांस ,दुर्गा पूजा पंडालों सहित अनेक सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओं को परिवार सहित शिरकत करनी पड़ती है जहां काफी संख्या में जान पहचान के लोग/ रिश्तेदार इकठा होते हैं और इन पवित्र मौकों पर महिलायें भक्ति मय ,मस्ती ,जोश , उमंग से परिपूर्ण अपने सबसे सुन्दर और आकर्षक ब्यक्तित्व में दिखना चाहेंगी तो जाहिर है की इन त्योहारों की धूम के बीच महिलाएं सबसे खूबसूरत दिखना पसन्द करती हैं /नबरात्रों में मौसम तेजी से करबट लेता है और इस मौसम में ठण्ड तेजी से बढ़ना शुरू हो जाती है। ऐसे में बाताबरण में तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है और त्वचा से जुडी अनेक सौन्दर्य समस्याएं खड़ी हो जाती हैं / नवरात्रों में ज्यादातर महिलाएं ब्रत रखती हैं तथा अपनी ब्यस्तताओं की बजह से सही समय पर उचित फलाहार आदि नहीं ले पाती जिससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और चेहरा बुझा बुझा सा दिखने लगता है /लेकिन अगर आप अपनी सभी ब्यस्तताओं को निभाते हुए भी अपनी आभा और आकर्षण बरकरार रखना चाहती हैं तो आपको कुछ घरेलू उपाय करने होंगे / हमेशा यह ध्यान रखें की अगर आपका उत्सव खुले में आयोजित किया जा रहा है तो तो मात्र बेसिक तक ही सीमित रहें तथा हलके मेक अप पर भरोसा करें क्योंकि ज्यादा मेक अप गर्मी /उमस या मौसम की मार से पिघल कर फैल जाएगा और आपका मूड खराब हो सकता है तथा आप उत्सव का पूरा आनन्द नहीं उठा पाएंगी / उत्सव खुले में शिरकत करने जाती बार आप प्राइमर , फाउंडेशन या कन्सीलर ,आई मेक अप तथा सामान्य लिपस्टिक तक सीमित रखिये जिससे आप का मेक अप खराब न हो तथा आप उत्सव का भरपूर आनन्द उठा सकें/ नवरात्रा के पाबन त्यौहार में अगर आप किसी पार्टी /उस्तव या गरबा डांस में जा रही हैं तो केबल वाटर प्रूफ मेक अप पर केन्द्रित रहें /बाताबरण में गर्मी तथा डांस से शरीर के तापमान में बढ़ोतरी से आप का मेक अप खराब हो सकता है तथा वाटर प्रूफ मेक अप से आई लाइनर ,लिपस्टिक ,फॉउंडेशन बनी रहेगी तथा आप उत्सव का आनन्द उठा सकेंगी अगर आप परम्परागत स्कर्ट के साथ बैकलेस ब्लाउज/चोली पहन कर किसी उत्सव , गरबा या डांडिया में जा रही हैं तो अपनी पीठ पर वैक्स या पोलिश करवाना कभी मत भूलियेगा / लेकिन पीठ पर वैक्स या पोलिश उत्सव से कुछ दिन पहले करबा लीजिये ताकि अगर किसी किस्म के फोड़े , फुन्सी आदि की समस्या आये तो उसका समय रहते उपचार कर लिया जाये / आप उत्सव , गरबा या डांडिया में नाचने जा रही हैं या महज दर्शक बन कर उठाना चाहती हैं लेकिन दोनों ही मामलों में हलकी फाउंडेशन का उपयोग करें क्योंकि आपको पसीना आते ही भारी फाउंडेशन पिघलनी शुरू हो जाएगी और आपका मजा किरकिरा हो जायेगा / यदि आप हर रात्रि गरबा डांस एन्जॉय करना चाहती हैं तो आप को अपनी आँखों पर बिशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि आपकी आँखों में सूजन /पफीनेस न आ जाये / आँखों की सुन्दरता के लिए प्रीतिदिन आठ/दस घण्टे की नीन्द जरूर सुनिश्चित करें / अपने चेहरे या त्वचा पर मेक अप लगाने से पहले कुछ साबधानियाँ बरतेंगे तो आप का मेक अप आपकी त्वचा के अनुरूप आपके सौन्दर्य को निखारने में अहम भूमिका अदा करेगा जिससे आप सभी नौ नवरात्रों में खिली खिली नज़र आएँगी / त्वचा की टोनिंग क्लींजिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है / अच्छी टोनिंग से त्वचा पर जमे तैलीय पदार्थ , गन्दगी ,अबशेष आदि को हटाने में मदद मिलती है जिससे त्वचा को कोमल , पौषित , नमीयुक्त रखा जा सकता है तथा त्वचा का पी एच सन्तुलन बरकरार रहता है /



अपने चेहरे की सुन्दरता के साथ ही अपने हाथ के नाखूनों और पाँवों पर जरूर ध्यान दीजिये / नवरात्र शुरू होने से पहले मैनीक्योर व पेडीक्योर जरूर करवा लें / अगर किसी बजह से आप सैलून जाने से कतरा रही हैं तो घर बैठे ही निम्बू जूस और चीनी के मिश्रण से अपने हाथों , पाँवों और टांगों की रगड़ कर मालिश कर लीजिये /

त्योहारों की दौड़ धूप के बीच पर्याप्त पानी ,जूस या सूप लेना जरूर याद रखें क्योंकि गहमा गहमी के बीच आप के शरीर में नमी में कमी आ सकती है जिससे आपकी त्वचा शुष्क हो सकती है और आप थकी थकी से दिखने लगेंगी / डांडिया डांस में त्वचा की चमक बरकरार रखने में पर्याप्त तरल पदार्थ /लिक्विड बहुत जरूरी होता है / नारियल पानी ,निम्बू पानी , ताजा पानी , ताजा जूस आपको तारो ताजा रखेगा जिससे आपको थकबाट महसूस नहीं होगी और आप की त्वचा प्रकृतिक तौर पर खिली रहेगी / आप अपने साथ कंसन्ट्रेटे निम्बू जूस , चीनी , काला नमक और काली मिर्च पाउडर रखिये तथा ब्रेक के दौरान इसमें अपने स्वाद के अनूरूप पानी मिलाकर चुस्की लगा कर आहिस्ता आहिस्ता पी लीजिये / इससे आप के शरीर में नियमित ऊर्जा का संचार होगा तथा आपका स्वास्थ्य और आपकी मूड दोनों ही जोश /उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे /पाँवो आपके जीवन का आधार होते हैं / गरबा में आप दिल खोल कर जब नाचेंगी तो इसमें आपके पाँवों की सेहत और मजबूती दोनों ही बहुत जरूरी होती हैं / अगर आप को सभी नौ दिन डांस करना है या समाजिक , धार्मिक उत्स्बों में सक्रिय हिस्सेदारी करनी है तो आप प्रतिदिन पाँवों पर जरूर ध्यान दीजिए अन्यथा कहीं आपके पाँवों ही जबाब न दे जाएँ /पांवों में थकाबट की बजह से होने बाली दर्द को कम करने और पाँवों को तरो ताजा रखने के लिए रोजाना सोने से पहले पांवों की मालिश बहुत जरुरी है /आधे टब गर्म पानी मे आधा कप बेकिंग सोडा , थोड़ा सा सैंधा नमक , एक कप एप्पल साइडर तथा कुछ बूंदें लैवेंडर तेल डाल कर अपने पाँवों को इस मिश्रण में कुछ देर तक टब में रहने दीजिये तथा उसके बाद पाँवों को साफ़ कॉटन से साफ़ कर लीजिये /इससे आपके पाँव तरो ताजा ,मुलायम और सुदृह रहेंगे /

## 20 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

**सोनीपत, 17 सितंबर ( विनोद ) :** जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के दौरान जिला प्रशासन द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रोजगार विभाग द्वारा भी 20 सितंबर को रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार सहायता शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार कार्यालय की योजनाओं के बारे में जानकारी देना है तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने में सहायता प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में आईटीआई सोनीपत स्थित जिला रोजगार कार्यालय में पहुंचकर इस रोजगार सहायता शिविर में भाग लें ताकि उनको रोजगार विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके।

## डीएवी स्कूल में खिलाड़ियों का खेल महोत्सव के लिए किया रजिस्ट्रेशन किया



**पिहोवा, 17 सितंबर ( विवेक ) :** सांसद खेल महोत्सव के लिए डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय की ओर से अखिल मेनन और हल्का प्रभारी जीत राम ने बच्चों का खेल प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. कंवल गाबा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों में बेहतर भविष्य की अपार संभावना है। खेल छोटी उम्र में नेम और फेम दोनों पाने का बेहतरीन जरिया हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को किसी न किसी खेल में भाग जरूर लेना चाहिए। अखिल मेनन ने बताया कि 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक यह प्रतियोगिता चलेगी। इसमें हिस्सेदारी करने वाले छात्रों को सांसद की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल महोत्सव में कोई भी युवा अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर भाग ले सकता है। इस अवसर पर वरुण अत्रि, संजीव शर्मा, पीटीआई उतांक मुनि सहित स्टॉफ व बच्चे मौजूद रहे।

## सती प्रसंग राम कथा का आयोजन

**मूनक, 17 सितंबर ( जय भगवान ) :** गांव मूनक में शिव मंदिर के पास राजपूत धर्मशाला में राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित ब्रिजेश कुमार तिवारी ने कथा का शुभारंभ करते हुए माता सती के बारे में बताया कि माता सती को बहम हो गया कि श्री राम भगवान नहीं हो सकते। अगर वह भगवान होते तो वह वनों में नहीं घूमते। इस पर उन्होंने उसकी परीक्षा ली तो भगवान श्री राम उन्हें पहचान गए। उन्हें माता कहकर बोले कि आप अकेली क्यों घूम रहे हो शिव भोले बाबा कहां है। सती माता उनकी बात सुनकर आश्चर्य हो गई। उन्होंने सोचा कि आज मैं अपनी पति की बात मानकर हट नहीं करती तो मैं परीक्षा लेने नहीं आती। इस पर भगवान राम उन्हें देखकर समझ गए। श्री राम ने माता को अपनी लीला दिखाना आरंभ कर दिया जहां पर माता देखती वही सीता माता व श्री राम दिखाई देते। उनकी लीला देखकर सभी देवगण उन्हें जय-जयकार कर उनके चरण वंदना करने लगे। माता को भी अपनी भूल का एहसास हुआ।

## प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेक्टर वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**पंचकुला, 17 सितंबर ( सतीश मंगला ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस आज सेक्टर-15 स्थित रेडक्रॉस वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने केक काटकर अपनी खुशी व्यक्त की और प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस विशेष कार्यक्रम में उपायुक्त सतपाल शर्मा ने भी भाग लिया और बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर उनकी खुशियों में सहभागी बने। उन्होंने सभी को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

## शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली अध्यापिकाओं को किया सम्मानित



**असंध, 17 सितंबर ( दलसिह मान ) :** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्ला में कार्यरत अध्यापिका नीलम मान को शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर खंड शिक्षा अधिकारी घरोडा के आडिटोरियम में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान निपुण हरियाणा मिशन एवं एफ एल एन कार्यक्रम के अंतर्गत संपर्क टीवी डिवाइस एवं संपर्क स्मार्ट साल एप में उच्च स्कोर प्राप्त करने पर दिया गया। उनका चयन संपर्क फाउंडेशन टीम द्वारा किया गया था। नीलम मान के इलावा खंड असंध से राजकीय प्राथमिक विद्यालय पधाना में कार्यरत अध्यापिका मुकेशवरी देवी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीर वाला असंध में कार्यरत अध्यापिका मीनू को भी शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यापिका नीलम, मुकेश्वरी देवी, व मीनू ने कहा कि यह स्कूल और उनके लिए गर्व का आसान है कि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिला है। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश ढुल ने अन्य अध्यापकों को आह्वान किया कि वे भी बच्चों के हित के लिए निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करें ताकि प्रदेश को शिक्षा क्षेत्र में सबसे ऊपर ले जाया जा सके। खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापिकाओं को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

# जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित

### *सीजेएम डॉ. इरम हसन ने जेल लोक अदालत में 7 मुकदमों का किया मौके पर निपटारा*



**करनाल, 17 सितंबर ( सोनी दुआ ) :** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार करनाल के सौजन्य से बुधवार को जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बंदियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने पौधारोपण कर की। इसके बाद डॉ. इरम हसन ने जिला कारागार में स्थापित अस्पताल में बंदियों के लिए दांतों की जांच शिविर व एचआईवी टेस्ट शिविर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे कॉस्मेटिक व ड्रेसिंग कोर्स के लिए उपस्थित बंदियों से बातचीत की और कोर्स के दौरान प्रदान की जा रही जानकारी को उज्जवल भविष्य हेतु प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने बंदियों को प्रदान की जा रही सेवाओं बारे जानकारी हासिल की और आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस मौके पर डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेन्द्र कुमार, धर्म चन्द व नीलम भी उपस्थित रहे। जिला कारागार में बुधवार को आयोजित जेल लोक अदालत में सीजेएम डॉ. इरम हसन के सामने 8 मुकदमे रखे गए जिनमें से 7 मुकदमों का निपटारा किया गया और 8 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर छोड़ा गया।

## छात्रा हर्षिता का राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में चयनित होने पर गर्व के पल : डॉ. ऋषिपाल



**निसिंग, 17 सितंबर ( जोगिंद्र सिंह ) :** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल की छात्रा हर्षिता जो बीएससी स्पोर्ट्स प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

14 सितंबर को कैथल में आयोजित सीनियर स्टेट स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के परिणामस्वरूप हर्षिता का चयन हरियाणा राज्य की टीम में राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया गया है।

कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने हर्षिता को सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि स्केटिंग एक ऐसे खेल का नाम है, जिसमें खिलाड़ी अपनी फुर्ती, संतुलन, गति और मानसिक एकाग्रता के माध्यम से विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं।

यह खेल न केवल शारीरिक दक्षता का परिचायक है, बल्कि मानसिक अनुशासन का भी प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज की खेल पृष्ठभूमि अत्यंत सशक्त रही है। वर्षों से हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

हमारे यहाँ खेलों को शिक्षा के समान महत्व दिया जाता है और प्रतिभाओं का समुचित विकास सुनिश्चित किया जाता है।

इस उपलब्धि पर प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने हर्षिता को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हर्षिता की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने यह साबित किया है कि जब जुनून हो लक्ष्य के प्रति समर्पण, तो सफलता निश्चित होती है।

हम विश्वास करते हैं कि हर्षिता राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हरियाणा का नाम गर्व से रोशन करेंगी। प्राचार्य डॉ ऋषिपाल ने समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# एंटी नारकोटिक सैल द्वारा 4 नशा तस्कर काबू, 164 किलो 755 ग्राम डोडा चुरा पोस्त बरामद



**कैथल, 17 सितंबर ( प्रवेश बहादुर ) :** एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा तस्करो पर कैथल पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक सैल द्वारा थाना सदर क्षेत्र से 4 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 164 किलो 755 ग्राम डोडा चुरा पोस्त बरामद करके नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक व गाड़ी जब्त कर ली गई। प्रेस वार्ता दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया की एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम 17 सितंबर को रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव आंधली क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि गांव चाणचक निवासी माडू राम, करीमनगर (चिचडवाला) पंजाब निवासी मनजीत सिंह काफी समय से नशीला पदार्थ डोडा चुरापोस्त बेचने का काम करता है। जो मध्यप्रदेश से डोडा चुरापोस्त ट्रको में मंगवाते हैं तथा पंजाब क्षेत्र के सुनसान रास्तों से अपनी गाड़ी में ले जाते हैं। जो आज उपरोक्त दोनों गांव खरंका की तरफ से गाड़ी में आएगे। जिनको पंजाब हरियाणा राज्य के सीमा क्षेत्र में तलाश करके उनसे भारी मात्रा में डोडा चुरापोस्त सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके गांव आंधली से बैहरसाहब होते हुए संगतपुरा पहुंचे जहां एक ट्रक व एक स्विफ्ट गाड़ी खड़ी दिखाई दी। स्विफ्ट गाड़ी के पास जाकर देखा तो 2 नौजवान लड़के एक प्लास्टिक कट्टे को पकड़े हुए थे। जिनको पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। जिनकी पहचान चाणचक निवासी माडू राम, करीमनगर (चिचडवाला) पंजाब निवासी मनजीत सिहं के रुप में हुई।

## श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धाभाव से मनाई गई इंदिरा एकादशी

### *इंदिरा एकादशी पर मंदिर में हुआ कीर्तन का आयोजन, झूमे श्रद्धालु*





**करनाल, 17 सितंबर ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में इंदिरा एकादशी बड़े श्रद्धाभाव और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर और बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। इंदिरा एकादशी पर आयोजित भजन-कीर्तन में बड़ी संख्या में शहर और दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कीर्तन के दौरान भक्तों को एकादशी का महत्व बताया गया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है।

आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को इंदिरा एकादशी कहा जाता है और इस दिन भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी जाती है। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने कहा कि पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर अब धाम का रूप ले चुका है। दूरदराज से भक्तजन यहां आकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए दर्शन करते हैं। मंदिर कमेटी लगातार मंदिर को सुंदर बनाने के कार्य करवा रही है और विशेष अवसरों पर श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर देसराज गुप्ता, अनिल गर्ग, महेंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, राजेश सिंगला, राजेश गर्ग, अशोक सिंगला, पवन गुप्ता, हरीश गुप्ता और विनोद गोयल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गुरुकुल की छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली



**असंध, 17 सितंबर ( दलसिह मान ) :** आर्य कन्या महाविद्यालय, गुरुकुल मोर माजरा, करनाल में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति शपथ से हुई, जिसमें समस्त गुरुकुल प्रबंधन समिति के सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप कंधवाल, छात्राओं, प्राध्यापिकाओं ने नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया।शपथ ग्रहण के पश्चात् छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। इसके अंतर्गत छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, और जन-जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया रैली में छात्राओं ने विभिन्न नारों और तख्तियों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान सुखबीर सिंह मान जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने समाज में स्वच्छता, अनुशासन और नशामुक्त वातावरण बनाने के लिए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना के अनुरूप समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस अवसर पर गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान सुखबीर सिंह मान, सचिव ओमप्रकाश, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप कंधवाल एवं सभी प्राध्यापिकाएं मौजूद रही।

## श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का आयोजन



**करनाल, 17 सितंबर ( परमजीत कौर ) :** श्रम विभाग द्वारा जिले में साईं बाबा मंदिर चौक, सेक्टर-6, नूरमहल चौक, हांसी चौक, पुरानी सब्जी मंडी चौक, मीरा घाटी चौक, जींद रोड चौक (असंध), बस स्टैण्ड (इन्द्री), किसान बस्ती चौक, नीलोखेड़ी, करनाली गेट, तरावडी, अराईपुरा चौक घरौंडा में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न चौकों पर उपस्थित श्रमिकों को विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न चौकों पर उपस्थित मुख्य अतिथि संकल्प भंडारी, सुजाता अरोड़ा, अमृत लाल, मोनिक गर्ग, जोगिन्द्र शर्मा इत्यादी ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी श्रमिकों को लड्डू वितरित किए गए। श्रम विभाग के जिला नोडल अधिकारी कर्मवीर यादव, सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि श्रमिक श्रम विभाग की इन सुविधाओं का लाभ लेने हेतु नजदीकी सी.एस.सी. सेंटर पर या श्रम विभाग के बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के कार्यालय लघु सचिवालय, पार्ट-2, प्रथम तल, सैक्टर-12, करनाल में संबंधित अधिकारी रजनी पसरीचा से सम्पर्क कर सकते है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत पुलिस ने एक दिन में लगाए 7500 पौधे

### *एक स्वच्छ और हरा-भरा जिला बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : डीसीपी सृष्टि गुप्ता*



**पंचकुला, 17 सितंबर ( सतीश मंगला ) :** पंचकुला पुलिस द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंचकूला पुलिस ने विभिन्न सामाजिक और जन-हितैषी अभियानों की शुरुआत की है। इन अभियानों में स्वच्छता, पौधारोपण, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, साइबर सुरक्षा, रक्तदान और सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इन अभियानों को सफल बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे है। पखवाड़े के पहले दिन पंचकूला पुलिस ने पौधारोपण अभियान चलाया जिसमें विभिन्न पुलिस थानों, चौकियों, क्राइम यूनिट्स, पुलिस लाइन और अन्य शाखाओं में कुल 7500 पौधे लगाए गए। इस अभियान की शुरुआत पुलिस लाइन पंचकूला से हुई जहां आज डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा है कि एक स्वच्छ और हरा-भरा जिला बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह केवल एक सरकारी या पुलिस का अभियान नहीं है बल्कि यह हम सभी के भविष्य से जुड़ा है। हम पंचकूला पुलिस के रूप में न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं बल्कि अपने जिले को पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित बनाने के लिए भी समर्पित हैं। मैं सभी जिलावासियों से अपील करती हूं कि वे इस कार्य में हमारे साथ आएं और अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं। साथ ही आगामी दिनो मे पुलिस द्वारा शहर मे विभिन्न स्थानो पर चलाएं जाने वाले अन्य अभियानो से भी जुड़े। इस पौधारोपण अभियान के पर्यवेक्षण अधिकारी एसीपी अजीत सिंह, इंस्पेक्टर रामपाल सिंह, इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह, इंस्पेक्टर सोमबीर ढाका, लाइन ऑफिसर अजब सिंह, सब इंस्पेक्टर सुरेश पाल, एएसआई राजकुमार समेत कई अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस-ट्रैक्टर-ट्राली हादसे के मामले में बस ड्राइवर सस्पेंड

**ऐलनाबाद, 17 सितंबर ( ब्यूरो ) :** ऐलनाबाद में रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे के बाद रोडवेज विभाग ने आखिरकार कार्रवाई की है। ट्रैफिक मैनेजर की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में रोडवेज ड्राइवर को दोषी ठहराया है, जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया है। यह हादसा सिस्टम की लापरवाही, संकरे रास्तों और अतिक्रमण का नतीजा है। रोडवेज के टीएम सुधीर कुमार की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां रोड संकरा था और उसकी चौड़ाई 20 फुट से भी कम थी। रोड के दोनों ओर जलभराव और कचरा था, जिससे रास्ता और भी संकरा हो गया था। जांच में यह भी सामने आया कि ट्रैक्टर चला रहे किसान ने पानी से बचने के लिए अचानक कट मार दिया और पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। उन्होंने बताया कि बस कचरे वाली साइड में लेने से पलट सकती थी। ट्रैक्टर की भी स्पीड थी और बस की 55 से 60 नॉर्मल स्पीड थी। बस का आगे का मामूली हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। बस ड्राइवर के खिलाफ चार्जशीट रिपोर्ट बनेगी। यह प्राथमिक जांच थी। इसकी दोबारा से जांच होगी, उसके बाद उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज प्रशासन की ओर से यह रिपोर्ट हेडक्वार्टर को भेज दी गई है। इसके बाद यह रिपोर्ट परिवहन मंत्री अनिल विज को सौंपी जाएगी। इस मामले में पुलिस ड्राइवर को पहले ही गिरफ्तारी कर चुकी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और 7 लोग घायल हुए थे। ममेराकलां निवासी सुभाष ने रामपुरा गांव में ठेके पर जमीन ले रखी है। शनिवार सुबह वह नरमा की चुगाई के लिए ऐलनाबाद से लेबर लेकर ट्रैक्टर से रामपुरा गांव की ओर जा रहा था। तभी ऐलनाबाद में हनुमानगढ़ रोड पर बाजीगरों की ढाणी के पास रोडवेज बस से यह हादसा हो गया। यह बस सिरसा से सुबह 6.50 बजे चली थी और अनूपगढ़ जाना था। रोडवेज जीएम अनीत कुमार ने बताया कि कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी दी है। हमने इसे हेडक्वार्टर को भी भेज दिया है। ड्राइवर को सस्पेंड कर दिया गया है। अभी विभागीय जांच जारी।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस



**करनाल, 17 सितम्बर ( संदीप रोहिला ) :** श्री विश्वकर्मा पांचाल समाज सभा करनाल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह धार्मिक आयोजन यमुना लिंक नहर, कैथल रोड, करनाल में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभा के प्रधान नंदलाल पांचाल ने भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष हवन यज्ञ कर पूजा-अर्चना की।

इसके बाद सभी पदाधिकारियों और मौजूद श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा की और समाज में सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सभा के संरक्षक बलबीर सिंह धर्रा, कोषाध्यक्ष विद्या सागर पांचाल, कार्यकारी महासचिव रजनीश पांचाल, उप प्रधान सुखपाल पांचाल, उप प्रधान सतीश पांचाल, उप प्रधान जितेन्द्र पांचाल, पूर्व प्रधान वेदपाल पांचाल, पूर्व महासचिव मनोज पटवा, सलाहकार डॉ. राकेश पांचाल, एकाउंटेंट सुरेंद्र पांचाल, सहायक एकाउंटेंट सुशील पांचाल कलसौरा, प्रबंधक विकास पांचाल, उप प्रबंधक संजीव पांचाल, राकेश पांचाल, रिंकू पांचाल, कृष्ण पांचाल, विशाल पांचाल, रोहतास पांचाल, शाम सुन्दर पांचाल और अजय पांचाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक भजनों और मंत्रोच्चारण से वातावरण गूंज उठा। समाज के लोगों ने आपसी एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया तथा भगवान विश्वकर्मा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# हवन यज्ञ और जलेबी बांटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

**घरौंड़ा, 17 सितंबर ( नरेंद्र लाठर ) :** भारतीय जनता पार्टी के मधुबन मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन और महात्मा गांधी की जयंती को समर्पित सेवा पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे मंडल में मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मधुबन मंडल के गांव अमृतपुर खुर्द व रावंर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी लम्बी आयु व अच्छे स्वास्थ की कामना हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने अमृतपुर खुर्द के दुधा धारी मंदिर मे हवन यज्ञ और गाँव रावंर मे जलेबी बांटकर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ बहुत संख्या में ग्रामीणों व महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया और त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव के बुजुर्गों को कमल पुष्प व माला पहनाकर सम्मान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल भाव सेवा ही संगठन है। इस अवधि में भाजपा कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा, सहयोग और समर्पण का संदेश दे रहे हैं।

## *सेवा पखवाड़े का मूल भाव सेवा ही संगठन : देवेन्द्र शर्मा*




उन्होंने कहा कि इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को समाज तक पहुँचाएँगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान मंडल के सभी गाँव में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि जनता राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ सके। कार्यक्रम में महामंत्री सतबीर गोस्वामी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनील मोहर, मीडिया प्रभारी सन्दीप लोहट, श्याम लाल, उपाध्यक्ष रामफल सैनी, सचिव प्रियंका, मंजीत वशिष्ठ, नरेन्द्र राणा, सुरेन्द्र, पिन्टू शर्मा, मेहर सिंह, रामचरण शर्मा सचिव, संदीप शर्मा शक्ति केंद्र प्रमुख, अमित लखन पाल, रवि कश्यप, राजेश कुमार कुलदीप शर्मा, बालसिंह कश्यप, गुरनाम वाल्मीकि, मणिराम कश्यप, रामनिवास, श्याम लाल शर्मा, हरपाल शर्मा, कमलेश रानी व सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।

# द कोणार्क एकेडमी लाडवा में 58वीं राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ

**बाबैन, 17 सितम्बर ( राजेश कुमार ) :** द कोणार्क एकेडमी लाडवा में तीन दिवसीय 58वीं राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्राचार्या अंजनी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, विद्यालय प्रमुख एस. एस. शर्मा, ए. ई. ओ. जसबीर सिंह, ए.ई.ई.ओ. हरीश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सैनी, शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्या अंजनी सिंह ने मुख्य अतिथि सुमन सैनी को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया तथा गणमान्य अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।




इसके पश्चात गणमान्य अतिथिगण ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ किया। सभी प्रतिभागियों में अत्यधिक उत्साह देखा गया। अपने संबोधन में माननीया मुख्य अतिथि सुमन सैनी ने ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यालय समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि द कोणार्क एकेडमी इस क्षेत्र में विशेष ख्याति अर्जित करने वाला विद्यालय है जो कि न केवल शिक्षा बल्कि खेलों व संस्कृति के प्रचार- प्रसार तथा विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने बताया कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में पौधारोपण का संदेश दिया गया, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि खेलों में भाग लेने से सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसी सुविधाओं का लाभ मिलता है, जिससे विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर किया गया। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# गुरुकुल प्रांगण में पौधारोपण कर नशे के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



**मूनक, 17 सितंबर ( जय भगवान ) :** आर्य कन्या महा विद्यालय गुरुकुल मोर माजरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति शपथ से हुई, जिसमें समस्त गुरुकुल प्रबंधन समिति के सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप कंधवाल, छात्राओं, प्राध्यापिकाओं ने नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के पश्चात् छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। इसके अंतर्गत छात्राओं ने स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, और जन-जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। रैली में छात्राओं ने विभिन्न नारों और तख्तियों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान श्री सुखबीर सिंह मान जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने समाज में स्वच्छता, अनुशासन और नशामुक्त वातावरण बनाने के लिए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना के अनुरूप समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस अवसर पर गुरुकुल प्रबंधन समिति के प्रधान सुखबीर सिंह मान, सचिव ओमप्रकाश, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप कंधवाल एवं सभी प्राध्यापिकाएं मौजूद रही।

# टेंडर नहीं सेवा की नियत चाहिए नरवाना वेलफेयर मंच ने संभाली सड़कों की कमान

**नरवाना, 17 सितंबर ( नरेन्द्र सिंहमार ) :** जहां सरकार और प्रशासन अकसर विकास कार्यों को लेकर वादे करते हैं

वहीं नरवाना वेलफेयर मंच ने एक बार फिर बिना किसी टेंडर या सरकारी मदद के शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली है। सेवानिवृत्तअधिकारियों, कर्मचारियों और जागरूक नागरिकों से बने इस मंच ने बीते वर्ष भी नरवाना की जर्जर सड़कों को सुधारने का सराहनीय कार्य किया था। लेकिन इस बार फिर से भारी बारिश और जल निकासी कार्यों के चलते सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। मंच अध्यक्ष सरदार हरचरण सिंह के नेतृत्व में 25 सदस्यों की टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में गड्ढों को भरने में जुटी है। उनका कहना है जब तक प्रशासन सक्रिय नहीं होता, तब तक हम अपने संसाधनों से यह कार्य करते रहेंगे। हमें जनता का सहयोग और विश्वास प्राप्त है, यही हमारी असली ताकत है। मंच सिर्फ सड़कों तक सीमित नहीं है। बीते एक साल में इसने शहर में कूड़ा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, और लड़कियों के लिए फ्री लाइब्रेरी जैसी कई जनसेवी पहलें भी शुरू की हैं। मीडिया प्रभारी ओमदत्त शर्मा ने



बताया कि मंच हर उस मुद्दे को उठाता है जिस पर प्रशासन चुप बैठा रहता है। जहाँ सरकारी अमला कार्रवाई नहीं करता वहाँ मंच खुद मोर्चा संभालता है ओर नगर परिषद और प्रशासन सड़कों की मरम्मत के लिए योजनाएं बनाने में ही व्यस्त हैं।

वहीं दूसरी ओर नरवाना वेलफेयर मंच ने एक बार फिर खुद अपने स्तर पर शहर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। पिछले साल इसी मंच ने अपने संसाधनों से कई प्रमुख सड़कों के गड्ढों को भरकर जनता को राहत दी थी। लेकिन इस बार मानसून और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के सीवरेज कार्यों ने सड़कों को फिर से बर्बाद कर दिया। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को तोड़ दिया गया, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ मिट्टी डाल दी गई।

इससे अब सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो रोजाना दुर्घटनाओं का कारण बन रहे। मंच अध्यक्ष सरदार हरचरण सिंह ने कहा हमारे पास ना टेंडर है, ना फंड लेकिन शहर के लिए जिम्मेदारी की भावना है। जब तक प्रशासन नहीं जागता हम गड्ढे भरते रहेंगे।

# विश्व शांति के लिए किया यज्ञ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य की कामना की

**शाहाबाद मारकंडा, 17 सितम्बर ( रूबी ) :** बुधवार को संक्रांति के उपलक्ष में श्री मारकंडेश्वर मंदिर में यज्ञ किया गया। मंदिर सभा के प्रधान ऋषि गंभीर ने बताया कि यज्ञ में मंदिर सभा के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने विश्व शांति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए आहुतियां डाली।



ऋषि गंभीर ने कहा कि मंदिर सभा की ओर से हर संक्रांति पर यज्ञ किया जाता है। उप प्रधान बलदेवराज चावला ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ में उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए आहुति डालकर भगवान से प्रार्थना की। चावला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सनातन धर्म में आस्था है और देश का सनातनी नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिंदुओं को एकजुट करने का कार्य किया है। इस अवसर पर उपेंद्र गंभीर, ओम प्रकाश कालड़ा, राजेंद्र भारद्वाज डीग, रमेश डंग, कुलदीप शर्मा, गोल्डी अरोड़ा, पवन छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

# पीएम के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में छू रहा नई ऊंचाइयां : प्रवीण लाठर

**करनाल, 17 सितम्बर ( रविन्द्र मलिक ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में करनाल जिले में भी विभिन्न सेवा गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। गुरुवार शिव कालोनी स्थित शिव पब्लिक हाई स्कूल में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह के नेतृत्व में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बुके व पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। शिविर में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हृदय रोग, दंत रोग संबंधी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए।

## *आजाद सिंह बोले : भाजपा हमेशा समाजहित को सर्वोपरि मानकर करती है कार्य*



वहीं जिन लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें तुरंत आवश्यक परामर्श दिया गया। जांच के साथ-साथ मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर का लाभ उठाकर लोगों ने भाजपा द्वारा चलाई जा रही इस सेवा पहल की सराहना की। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि ऐसे शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं और इससे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है।

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा कि भाजपा हमेशा समाजहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती है।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना इसी सोच का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर सुनील मदान, डा. राजेश आनंद, डा. अमित कुमार, डा. मुकेश तनेजा, डा. महेन्द्र प्रताप, डा. इंद्रपाल सिंह राणा, अमरजीत, राजेश वैद, बलबीर सिंह, देसराज, मनीष कुमार, पंकज कुमार, प्रवीन कुमार, रविन्द्र कुमार, सतीश कुमार, गीता शर्मा, डा. नीरू बाला, डा. कमलेश, डा. राहुल,

**सेवा ही संगठन का मुख्य उद्देश्य :** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि सेवा ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचें और सेवा की भावना से कार्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने आए लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

# राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**घरौंड़ा, 17 सितम्बर ( नरेंद्र लाठर ) :** राजकीय महाविद्यालय घरौंडा में बुधवार को एक दिवसीय पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भौतिक विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग एवं भूगोल विभाग द्वारा प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार नागिया के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वायुमंडल में ओजोन परत की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अतुल जैन व डॉक्टर रेखा जांगड़ा द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉक्टर गुरनाम सिंह मलिक, डॉक्टर देवेंद्र कुमार और डॉक्टर मनीला द्वारा निभाई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गुलबशर ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय और रिकी दत्त ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम एवं तनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सुमन लता, श्वेता, अंजू, डॉक्टर सुनील शर्मा, डॉक्टर अंकित राज, डॉक्टर राकेश शर्मा, शुभम शर्मा, डॉक्टर विकास और रमन आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में की 106 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

**शाहाबाद मारकंडा, 17 सितम्बर ( रूबी ) :** बुधवार को राजकीय उच्च कन्या विद्यालय शाहाबाद में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जांच शिविर लगाया गया। जानकारी देते हुए अध्यापिका कपिला सेतिया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. अशोक, डा. दमन, राजविंदर कौर, एएनएम जय देवी की टीम ने 106 छात्राओं के हिमोग्लोबिन, दांत, आंख सहित स्वास्थ्य की जांच की। विद्यालय स्टाफ द्वारा टीम का आभार व्यक्त किया गया। कपिला सेतिया ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के माध्यम से सरकार छात्राआं को अनेक सुविधाएं दे रही है जिससे छात्राएं स्वस्थ रह सके। इस मौके पर सुमन लता, रजनी, सुषमा रानी, मोनिका गुप्ता, नरेश कुमार, उमा रानी, रितु रानी, खेमचंद आदि मौजूद थे।



# बतौड़ में राष्ट्रीय पोषण माह का आगाज, जागरूकता रैली का आयोजन

**रायपुररानी, 17 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** गांव बतौड़ में महिला एवं बाल विकास विभाग बरवाला की सीडीपीओ आरू वशिष्ठ की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी केंद्र पर राष्ट्रीय पोषण माह का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पोषण समन्वयक सुमन ने ग्रामीणों को पोषण की अहमियत समझाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर सुशील, नसीब कौर, शशिबाला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों का वजन मापने के साथ-साथ महिलाओं ने गांव में रैली भी निकाली, जिससे पोषण माह के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।



अपने संबोधन में सीडीपीओ आरू वशिष्ठ ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस महीने का उद्देश्य सुपोषित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य फोकस मोटापा नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, शिशु आहार प्रथाएँ, पुरुष सहभागिता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर है। वशिष्ठ ने बताया कि माह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

उनका मानना है कि जनभागीदारी के जरिए इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है, जिससे सभी वर्गों को बेहतर आहार और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जा सके।

# रेहना गांव में कम्युनिटी सेंटर की मांग तेज, ग्रामीणों को 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है

**रायपुररानी, 17 सितंबर ( देवेन्द्र सिंह ) :** रेहना गांव के 2000 से अधिक निवासी लंबे समय से एक कम्युनिटी सेंटर की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि विवाह, शादियों और अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए उन्हें 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है।

जानकारी देते हुए कामिल, इरफान, नवाब, खान महमूद, मिरिया खान, जन्नी, पानो, समीना खातून और दिलरुबा ने बताया कि गांव में एक कम्युनिटी सेंटर होना बेहद जरूरी है। इससे न सिर्फ सामाजिक कार्यक्रमों को सुचारू रूप से आयोजित किया जा सकेगा, बल्कि ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करने की समस्या से भी निजात मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश और गर्मी के मौसम में 6 किलोमीटर का सफर बेहद मुश्किल हो जाता है, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को खासतौर पर परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कम्युनिटी सेंटर के निर्माण की मांग की है।

इस दौरान सरपंच शाहरीना ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर के लिए कई महीनों पहले प्रस्ताव भेजा गया था और मुख्यमंत्री को भी इस बारे ज्ञापन दिया गया था। जैसे ही ग्रांट आएगी, कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# गांव शेखपुरा के क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ एचसीसीएल के सीजन-4 का आगाज

*सीजन-4 के शुभारंभ पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने पहुंचकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौंसला*

*- प्रदेशाध्यक्ष ने युवाओं को नशे से दूर रहकर जीवन में आगे बढ़ने का दिया संदेश*

**सोनीपत, 17 सितंबर ( विनोद )** : गन्नौर के गांव शेखपुरा के क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार रात हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (एचसीसीएल) के सीजन-4 को आगाज हुआ। सीजन-4 के शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो मैदान में पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में करियर बनाने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दें। उन्होंने उपस्थित युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करता है और इससे दूर रहकर ही व्यक्ति जीवन में सफलता और सम्मान हासिल कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और समय का उपयोग शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक कार्यों में लगाएं। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नशामुक्ति और जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सहयोग करें और अपने मित्रों व समाज को भी नशे से दूर रखने में मदद करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता निशांत छोक्कर, समाजसेवी व वर्मा लैब के डायरेक्टर प्रवीण वर्मा सहित हरियाणा के महान कलाकार व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**पहले मैंच में जिला प्रशासन की टीम ने हरियाणा सेलिब्रिटी टीम को दी 28 रनों से मात**

एचसीसीएल सीजन-4 के पहले मैच में जिला प्रशासन की टीम ने हरियाणा सेलिब्रिटी टीम को 28 रनों से मात देते हुए पहले मैंच में अपनी जीत का परचम लहराया। जिला प्रशासन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 ओवरों में 160 रन बनाएं। इस दौरान ओपनर बल्लेबाज प्रवीण वर्मा व एसएचओ गन्नौर धीरज ने ताबड़तोड़ छक्को व चौकों की बरसात की और पहले दो ओवरों में ही 50 रन बना दिए। इस दौरान एसएचओ गन्नौर धीरज चौधरी ने एकतरफा पारी खेलते हुए 90 रन बनाएं और टीम को अंत तक संभाले रखा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई हरियाणा सेलिब्रिटी की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अंत में जीत जिला प्रशासन की टीम की हुई। मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन की टीम में मुख्य रूप से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, डीआईओ विशाल सैनी, एडीआईओ विजय बल्हारा, मंजीत दहिया सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# एस.एच.ओ. रामलाल ने विद्यार्थियों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ



**करनाल, 17 सितम्बर ( संदीप रोहिला )** : गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में सिविल लाइन थाना प्रभारी एस.एच.ओ. रामलाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं लड़ाई-झगड़ों और असंवैधानिक गतिविधियों से दूर रहें तथा अपना पूरा ध्यान शिक्षा और कैरियर निर्माण पर लगाएं रामलाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि उन्होंने 2013 में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतेह किया था, जिसके बाद सरकार ने उन्हें पुलिस सेवा में चुना। उन्होंने अपना सरकारी मोबाइल नम्बर विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए कहा कि किसी भी परेशानी या शिकायत की स्थिति में सीधे उनसे संपर्क किया जा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो विद्यार्थी नियमों का उल्लंघन करेगा उसका नाम कॉलेज से काट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों की हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है। इस अवसर पर डॉ. बीर सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. प्रवीण रंगा, प्रो. जुझार सिंह सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए प्राचार्य, एस.एच.ओ. रामलाल और कॉलेज स्टाफ का धन्यवाद किया।

# जिलाधीश ने धान की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

*भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत जारी किए आदेश*



**करनाल, 17 सितंबर ( सोनी दुआ )** : जिलाधीश उत्तम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत तुरंत प्रभाव से जिला करनाल में धान की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा 15 नवम्बर 2025 तक लागू रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जिले की सीमा के अन्दर धान की फसल की कटाई के पश्चात इसके अवशेषों को जला दिया जाता है जिससे पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति का कम होना, लाभदायक कीट/जीवाणुओं का समाप्त होना तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा सम्पत्ति व जान-माल की हानि का भी डर बना रहता है। साथ ही पशु चारे में कमी आती है जबकि इन फसल अवशेषों से तूड़ी बनाई जा सकती है। इसलिए तुरंत प्रभाव से जिला करनाल में धान की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इन आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 तथा सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम- 1981 के तहत दंड का भागी होगा। जारी आदेशों के अनुसार पुलिस अधीक्षक करनाल, उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला के सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी इन आदेशों की अनुपालना करना सुनिश्चित करेंगे।

# सेवा पखवाड़ा महज एक कार्यक्रम नहीं अपितु जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच : जसबीर सिंह संधू



**चिडाव, 17 सितंबर ( प्रवीन कुमार )** : राजकीय आईटीआई में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितंबर से कर महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्तूबर तक निरंतर चलाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य जसविंदर सिंह संधू ने की। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े का उद्देश्य युवाओं को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल करना हैं। जिसमें परिसर सहित आस-पास के क्षेत्रों में छात्रों और स्टाफ ने मिलकर कक्षाओं, वर्कशॉप, कैंटीन सहित गलियों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके उपरांत अभियार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने सेवा, स्वच्छता और समाज कल्याण के लिए सामूहिक संकल्प लिया। अभियार्थियों ने बैनर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को सेवा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण सहित नशामुक्त समाज को लेकर आवाज़ को बुलंद करते हुए नारों के साथ रैली निकाली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के जीवन संघर्ष, नेतृत्व शैली और भारत के विकास में उनके योगदान पर विशेष भाषण संगोष्ठी आयोजित की गई। संधू ने बताया कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच है। आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में भी योगदान देना चाहिए। यह पहल युवाओं में सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव जागृत करती है। इस अवसर पर सूबे सिंह, वर्ग अनुदेशक शीशपाल, संजीव, कुलदीप, पवन, प्रदीप, यशपाल सहित अन्य स्टाफ व अभियार्थी मौजूद रहे।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार पोषण माह के अवसर पर निशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र, 17 सितंबर ( सुदेश कुमार )** : जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार पोषण माह के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जीएडी उमरी, यूपीएचसी कृष्णा नगर गामड़ी एवं यूपीएचसी मोहन नगर में नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया।




स्वर्णप्राशन कैम्प का शुभारंभ विधिवत रुप से भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा को पुष्पार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्वर्णप्राशन संस्कार एक प्राचीन आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जिसमें शिशुओं को स्वर्ण भस्म, शहद एवं घृत से निर्मित औषधी दी जाती है। यह औषधी बच्चों की स्मरण शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के पाचन तंत्र को मजबूत करता है और आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि स्वर्णप्राशन को प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र में 6 माह से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को पिला सकते है। कैम्प के दौरान डा. रीना दिवान, डा. मैनका, डा. विनिता, डा. अन्जली एवं डा. अनु द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से लगभग 403 शिशुओं, किशोरियों व छात्र छात्राओं को स्वर्णप्राशन पिलाया, एवं चिकित्सा व पोषण संबंधित परामर्श भी प्रदान किया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा लगाए जाने वाले इस प्रकार के निशुल्क चिकित्सा शिविरों का उद्धेश्य रोगों के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही किशोरियो, शिशुओं और विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सेहत को निरोग और बलवान बनाना हैं।

# मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी : प्राचार्य राजेन्द्र

**नीलोखेड़ी, 17 सितंबर ( सुरेश कुमार मिड्ढा )** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीकरी में डॉक्टर राजेंद्र कुमार प्रिंसिपल कुरुक्षेत्र की देखरेख में इको क्लब के तरफ से एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सिंह और बलदेव सिंह सामाजिक कार्यकर्ता ने विशेष रूप से भाग लिया। स्कूल की ओर से मनीष सिंगला, रिशिपाल, मैडम मुकेश मैडम रितु, वीरेंद्र कुमार, सतीश कुमार अजय डीपी, विवेक कुमार, सुनील कुमार ,मैडम एकता, सुरेश देवी, टोनी राणा, प्रवीण कुमार, मैडम मनजीत कौर और स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



सभी ने स्कूल के प्रांगण में एक-एक पौधा लगाया। इससे पहले डॉक्टर राजेंद्र कुमार प्रिंसिपल और खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सतपाल बग्गा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीकरी के प्रांगण में कदम का पेड़ लगाया था। वीटा डेयरी के अधिकारियों द्वारा भी सीकरी स्कूल में इससे पहले पौधारोपण किया जा चुका है । लगभग 100 से ज्यादा पौधे अभी तक सीकरी स्कूल के प्रिंसिपल और यहां के सभी अध्यापक साथियों और बच्चों के द्वारा लगाए जा चुके हैं। सभी छात्र एवं छात्राओं ने शपथ ली की जब तक यह पौधे बड़े नहीं होते तब तक हम उनकी देखरेख करते रहेंगे। डॉ राजेंद्र कुमार मानद उपाधि अलंकृत प्रिंसिपल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना न केवल प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है बल्कि पर्यावरण की हर तरह से सुरक्षा करना हमारी नैतिक और व्यक्तिगत कर्तव्य है अगर पर्यावरण शुद्ध रहेगा तो हम स्वस्थ रहेंगे पर्यावरण को शुद्ध रखने का सबसे बेहतरीन तरीका ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना है।

आज जितने भी व्यक्ति हमारे देश में बीमार हैं उनका सीधा संबंध कहीं ना कहीं पर्यावरण में अशुद्धता होना हैक्योंकि पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ रखते हैं और हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं निश्चित रूप से आज प्रकृति को मनुष्यों की बहुत आवश्यकता है हमें प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए ज्यादा से ज्यादा पेट पौधे लगाने चाहिए प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन और अपने माता और पिता की यादगार में हमें जहां भी जगह मिलती है एक पौधा जरूर लगाना चाहिए जब भी किसी के घर में किसी खुशी के मौके पर कोई कार्यक्रम होता है तो उसकी यादगार के रूप में भी हमें एक पौधा जरूर लगाना चाहिए हमें कोशिश कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने गांव में या शहर में जहां भी हम रहते हैं वहां पर पीपल का पेड़ और वट वृक्ष लगाना चाहिए क्योंकि यह हवा को शुद्ध करते हैं और हमें ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर होगा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन : विनोद गुप्ता



**करनाल, 17 सितंबर ( संदीप रोहिला )** : अग्रकुल सेवा संस्था की कार्यकारिणी की मीटिंग महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर-8 में संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। महाराजा अग्रसेन को समर्पित सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजिन किए जाएंगे। प्रधान विनोद गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर पांच अक्तूबर को करनाल के मानव सेवा संघ के प्रांगण में एक विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन के जीवन चरित्र को घर-घर पहुंचाने के लिए करनाल के मंगलसैन ऑडिटोरियम में 12 अक्तूबर को महाराजा अग्रसेन जी के जीवन पर आधारित संजीव नाट्य मंचन मुंबई के फिल्मी राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा स्टेज शो के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तरी भारत प्रमुख पवन जिंदल शिरकत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार रिटायर्ड आईपीएस व वाइस चांसलर राई स्पोट्र्स विश्वविद्यालय होंगे। संरक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी कार्यक्रमों की सफल आयोजन एवं प्रबंधन की व्यवस्था के लिए अलग-अलग कार्यों के अनुसार कमेटी गठित की गई हैं। सभी सदस्यों को जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं। बैठक में संरक्षक राम कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान डा. एस.के गोयल, महासचिव नरेश गर्ग निगदू, अनिल गर्ग चेयरमैन, जगमाल गुप्ता, राजेंद्र बसल, प्रवीण बंसल सर्राफ, प्रदीप गुप्ता, बृज लाल गर्ग, गुरदयाल अग्रवाल, पंकज गुप्ता, नरेश गोयल, सुरेश जिंदल, विपिन सिंगला, वेद मंगला, विजय गर्ग, संजीव जिंदल, आशिष मित्तल व राजेंद्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

# भगवान विश्वकर्मा निर्माण, श्रम और सृजन के प्रतीक : कैबिनेट मंत्री बेदी


*प्रधानमंत्री मोदी सेवा, समर्पण और जनकल्याण के पर्याय—विश्वकर्मा जयंती व मोदी जन्मदिवस पर भव्य आयोजन*

**नरवाना, 17 सितम्बर ( नरेन्द्र सिंहमार )** : भगवान विश्वकर्मा न केवल निर्माण और शिल्प के देवता हैं बल्कि वे मेहनतकश समाज की प्रेरणा हैं जिन्होंने दुनिया को सिखाया कि लगन ईमानदारी और कर्मशीलता से हर कोई आगे बढ़ सकता है यह विचार हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बुधवार को नरवाना स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में विश्वकर्मा राजमिस्त्री संगठन द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह के दौरान व्यक्त किए यह आयोजन विशेष रूप से भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर किया गया जिसमें शहर और आसपास से भारी संख्या में कारीगर, राजमिस्त्री, समाजसेवी, महिलाएं, युवा और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे मंत्री बेदी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। वे श्रम और समर्पण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग ही समाज की असली रीढ़ है उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना हैमंत्री बेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना देश के पारंपरिक कारीगरों, शिल्पियों और राज मिस्त्रियों को तकनीकी प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और बाज़ार तक पहुँच देने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आज सेवा, समर्पण और जनकल्याण के प्रतीक बन चुके हैं और भारत को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे ले जा रहे हैं। आरक्षण और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को 8त्न आरक्षण देकर सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह निर्णय समाज के वंचित वर्गों को राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों की दिशा में मजबूत करेगा।समारोह में राजमिस्त्री संगठन के पदाधिकारियों ने मंत्री बेदी को पगड़ी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर संगठन के प्रधान जयप्रकाश धीमान, उप प्रधान सुभाष धीमान, टेकराम धीमान, अशोक धीमान, ऋषिपाल धीमान, मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सुरेंद्र प्रजापति, बलदेव वाल्मीकि, सुरेश दनौदा, एडवोकेट राजेश शर्मा, सुशील नायक, सतप्रकाश सैनी, मनोज गर्ग, संजय बल्हारा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# गुरु ब्रह्मानंद महाविद्यालय अंजनथली में सेवा पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य कैंप लगाया गया

**नीलोखेड़ी, 17 सितंबर ( सुरेश कुमार मिड्ढा )** : गुरु ब्रह्मानंद कन्या महाविद्यालय, अंजनथली में सेवा पखवाड़े की शुरुआत के अवसर पर एनएसएस इकाई की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं के ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन व ब्लड प्रेशर की जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बलबीर सिंह ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पिंकी कादियान के नेतृत्व में हुआ। सिविल हॉस्पिटल नीलोखेड़ी की शाखा एच डब्ल्यू सी, अन्जनथली से आई डॉक्टर वंदना, सीएचओ जसबीर कौर, एएनएम कविता और आशा वर्कर नीलम, सुमन और उषा की हेल्थ टीम ने चेकअप किया। छात्राओं को एनएसएस समिति की ओर से टी-शर्ट और कैप भी वितरित की गईं।




प्राचार्य डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही जीवन की वास्तविक पूंजी है। ऐसे शिविर छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पिंकी कादियान ने अपने संदेश में कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना तथा उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की महत्ता से परिचित कराना है। स्वस्थ छात्राएं ही समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आरती भटनागर, अंजू बाला, डॉ. सुलोचना देवी, कोमल दीनदयाल, डॉ. गीतिका, अनु तूरन, कोमल व सोनिया ने सहयोग दिया।

# विशेष शिविर में परिवार पहचान पत्र से संबंधित 6 शिकायतों का किया समाधान

**लाडवा, 17 सितंबर ( रामगोपाल )** : एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार उपमंडल कार्यालय में परिवार पहचान पत्र की समस्याओं के निधान के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। एसडीएम पंकज सेतिया ने बताया कि उपमंडल के नागरिकों की शिकायतों के लिए सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे से समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त के निर्देश पर आज परिवार पहचान पत्र के संबंध में विशेष शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी ऐसी शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# डिप्टी सेक्रेटरी की मौत के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) दिल्ली के कैंट इलाके में हुए बीएमडब्ल्यू हादसे में पुलिस ने आरोपी महिला चालक को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को यहां बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारने की आरोपी महिला को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी महिला गगनप्रीत को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया। जहां कोर्ट ने आरोपी महिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकील ने कहा कि दिल्ली की अदालत ने आरोपी महिला की जमानत याचिका पर पुलिस और पीड़ित के परिजन से 17 सितंबर तक जवाब मांगा है। पुलिस ने बताया कि इससे पहले दिन में, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया था। दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुई इस दुर्घटना में वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अधिकारी एवं हरिनगर निवासी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वे गुरुद्वारा बंगला साहिब से घर लौट रहे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा, जांच के दौरान, बीएमडब्ल्यू कार की महिला चालक गगनदीप कौर (38), जो परीक्षित मक्कड़ की पत्नी और गुरुग्राम निवासी है, उनको मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि महिला बीएमडब्ल्यू कार चला रही थी, और उसके पति भी दुर्घटना में घायल हो गए। दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पूछताछ और कानूनी कार्यवाही के लिए हिरासत में लिया गया था।

## पीना तो दूर, नहाने लायक भी नहीं आ रहा पानी

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) दिल्ली में पीने के लिए तो बोतलबंद पानी खरीदकर इंतजाम हो जाता है, लेकिन नहाने व कपड़े धोने के लिए पानी का इंतजाम कैसे किया जाए। जो पानी अभी नलों में आ रहा है, वह इस्तेमाल योग्य नहीं है। अक्षरधाम अपार्टमेंट निवासी हर्षित गुप्ता ने एक उपाय निकाला। पानी की टंकी में क्लोरीन की कुछ गोलियां डाली जाती है। जब वह पानी नलों से बाहर निकलता है तो उसमें डिटाल की बूंदें डाली जाती हैं और अब इस पानी से लोग नहाते हैं। नहाते समय मुंह पूरा बंद रखा जाता है ताकि दूषित पानी मुंह में न चला जाए। लेकिन छोटे बच्चों का क्या किया जाए। तो उन्हें बोतलबंद पानी से ही कम पानी में नहला दिया जाता है। लेकिन कब तक... यह सवाल अक्षरधाम अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के सब्र की परीक्षा ले रहा है। अक्षरधाम अपार्टमेंट के लोग मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए। इनमें से कईयों के पास हास्पिटल की ओपीडी पर्ची थी। दूषित पानी से लोग यहां बीमार पड़ने लगे हैं। छोटे बच्चे पर इसका सबसे अधिक असर देखा जा रहा है। बुजुर्गों पर भी असर है। लोगों का कहना है कि दूषित जलापूर्ति की समस्या के समाधान को लेकर दिल्ली जल बोर्ड गंभीरता नहीं दिखा रहा है। मटियाला क्षेत्र के विधायक यहां आए, लेकिन नतीजा सिफर है। जल बोर्ड के मुख्य अभियंता भी उनके साथ आए, लेकिन नतीजा सिफर ही है। दूषित जलापूर्ति जारी है।

# मासूम ने इशारों से मां को बताया, स्पीच थेरेपी सेंटर में कैसे हुआ यौन उत्पीड़न

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) ठीक से न बोल पाने की समस्या से पीड़ित छह वर्षीय मासूम से रोहिणी के एक निजी स्पीच थेरेपी सेंटर में यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर निजी स्पीच थेरेपी सेंटर के 32 वर्षीय थेरेपिस्ट को गिरफ्तार किया है। क्लास करने आई मासूम से आरोपित ने यौन उत्पीड़न किया। घर पहुंचने पर बेटी के व्यवहार से उसकी मां को कुछ शक हुआ। बेटी ने इशारे में मां को सारी बात बताई। उसके बाद पीड़ित बच्ची की मां ने थाने में इसकी शिकायत की। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना छह सितंबर की है। बच्ची की मां ने समयपुर बादली थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उसकी बेटी को बोलने में दिक्कत है। 19 अगस्त से वह रोहिणी स्थित एक निजी स्पीच थेरेपी सेंटर में 45 मिनट के सत्र में शामिल हो रही थी। छह सितंबर को जब बच्ची कक्षा से वापस घर पहुंची, तो उसने मां को यौन गतिविधियों की नकल करके बताया। उसके बाद मां ने बच्ची से पूछताछ की। जिसमें उसने वहां काम करने वाले स्पीच थेरेपिस्ट का नाम बताया। मां ने तुरंत पीसीआर को फोन कर घटना के बारे में बताया। पुलिस पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल ले गई। काउंसलिंग के दौरान बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि आरोपित थेरेपिस्ट बच्ची के निजी अंगों को अनुचित तरीके से छू रहा था।

## दुष्कर्म में मामला दर्ज

रायपुर 17 सितम्बर (निस) बलरामपुर में पदस्थ सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर (स्ष्ठह्रक्क) याकूब मेमन पर एक महिला ने दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप लगाया है। इस सनसनीखेज मामले की शिकायत पीड़िता ने सीधे सरगुजा रेंज के आईजी से की थी, जिसके बाद जांच का दायरा रायपुर तक पहुंच गया। प्रारंभिक शिकायत के आधार पर अंबिकापुर में जीरो स्नद्बक्रदर्ज की गई, और अब रायपुर के टिकरापारा थाने में स्ष्ठह्रक्क याकूब मेमन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की।

# डिजिटल हेल्थ गैजेट्स और ऐप इस्तेमाल करने में भारतीय सबसे आगे

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, डिजिटल स्वास्थ्य सुविधाओं को अपनाने में भारतीय लोग दुनिया के अन्य देशों की तुलना में कहीं आगे निकल गया है। देश में करीब 70 फीसदी लोग तमाम हेल्थ गैजेट्स, ऐप्स और तकनीक-आधारित उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक हर चार में से एक भारतीय एआई से चलने वाले हेल्थ गैजेट्स और सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में 71 फीसदी लोग बुढ़ापे में भी फिट और एक्टिव बने रहने के लिए तकनीक का सहारा ले रहे हैं। लेकिन आपकी सेहत को डिजिटल और एआई सेवाएं या गैजेट कितना सूट करेंगे ये अब भी एक बड़ा सवाल है। क्या ये डिजिटल और एआई टूल्स सचमुच आपकी सेहत का सहारा बन सकते हैं या फिर इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना जोखिम भरा है? जवाब जानने के लिए हमने देश के कुछ नामचीन स्वास्थ्य विशेषज्ञों से बात की। आज डिजिटल और खासकर एआई स्वास्थ्य सुविधाओं को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांति के तौर पर देखा जा रहा है। आने वाले समय में दूर दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी डिजिटल और एआई स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। वहीं बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय लोगों में भी डिजिटल और एआई हेल्थ गैजेट्स को लेकर काफी उत्साह है। पीपल्स हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन एंड ऑर्गेनाइज्ड मेडिसिन अकेडेमिक गिल्ड के सेक्रेटरी जनरल डॉ ईश्वर गिलाडा कहते हैं कि, पिछले कुछ सालों में भारत में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक्ता काफी बढ़ी है। खास तौर पर शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग हेल्थ गैजेट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। बाजार में कई तरह के डिजिटल और एआई गैजेट्स और ऐप मौजूद हैं। ये आपके स्वास्थ्य को लेकर कई तरह का डेटा उपलब्ध कराते हैं। लेकिन इन ऐप्स या गैजेट्स के डेटा पर पूरी तरह से भरोसा करना या इसके आधार पर कोई दवा लेना आपके स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। इन डिजिटल गैजेट्स के डेटा पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता है। चीन में एआई क्लीनिक शुरू की गई है।

## ऐश्वर्या और अभिषेक के बाद करण जौहर ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन व अभिनेता अभिषेक बच्चन के बाद अब फिल्म निर्माता और निर्माता करण जौहर ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। करण जौहर ने अपने व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के अलावा कुछ वेबसाइटों और प्लेटफार्मों को उनके नाम और छवि वाले मग और टी-शर्ट सहित अवैध रूप से सामान न बेचने का निर्देश देने की भी मांग की है। जौहर ने कहा कि उनकी छवि, नाम और आवाज का अनधिकृत रूप किए जा रहे उपयोग पर रोक लगाई जाए। अदालत ने अभिषेक व ऐश्वर्या राय की याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए उनके नाम, छवि व आवाज के अनधिकृत उपयोग पर रोक लगा दी थी।

## दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी दबोचा

नई दिल्ली 16 सितम्बर (निस) दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पुरानी रंजिश के चलते हर्ष विहार इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी देव प्रताप सिंह उर्फ देवा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुधीर उर्फ बंटी और राधे प्रजापति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल कार बरामद कर ली है जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने मामले में चेतन्य, प्रदीप और प्रमोद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि सुमित अभी भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## नवरात्रि-गरबा उत्सव पर प्रशासन सख्त, डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध

रायपुर 17 सितम्बर (निस) नवरात्रि और गरबा महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने दुर्गोत्सव समितियों की बैठक में कई अहम निर्देश दिए। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस बार डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत निर्धारित सीमा में ही किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि पंडाल सड़क किनारे निर्धारित स्थानों पर ही बनाए जाएं और प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही ऐसी प्रतिमा या प्रदर्शनी स्थापित न करने की हिदायत दी गई जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो। प्रतिमा विसर्जन पूर्व की भांति महादेव घाट स्थित निर्धारित स्थल पर ही होगा। विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार के आग्नेय अस्त्र-शस्त्र पूरी तरह निषिद्ध रहेंगे। समितियों से यह भी अपेक्षा की गई है कि वे यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए स्वयंसेवक नियुक्त करें। आयोजन की अनुमति के लिए कम से कम सात दिन पहले नगर निगम के संबंधित जोन कार्यालय में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग और स्थानीय थाना प्रभारी से भी अनुमति लेना आवश्यक है। पंडालों में अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। गरबा आयोजकों को गानों और संगीत का चयन सावधानी से करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। वहीं, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर भी समितियों को विशेष ध्यान देने को कहा गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तिथि 2 से 4 अक्टूबर निर्धारित की गई है। बैठक में एडीएम उमाशंकर बंदे, एएसपी दौलत राम पोर्ते, एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सीएसपी इशू अग्रवाल समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम सैनी

**पृष्ठ एक का शेष...**ज़रूरत रहती है। इन्हीं तथ्यों को समझते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने %प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना% चलाई है। इस योजना में कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है, प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन स्टाइफंड दिया जाता है और टूल किट भी दी जाती है। कारोबार के लिए मामूली ब्याज दर पर ऋण भी दिया जाता है। यही नहीं, उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग, प्रचार के लिए मदद की जाती है। ई-कॉमर्स तथा जैम पोर्टल पर भी पहुंच दी जाती है ताकि कारीगर अपने उत्पाद देश-विदेश में कहीं भी बेच सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना को हरियाणा में लागू कर रहे हैं। प्रदेश में 41,366 आवेदक पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 30,655 कारीगरों का कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है और लगभग 12 हजार कारीगरों को टूल किट भी दी जा चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## वक्फ की जमीनों पर कब्जा करने का प्लान फेल

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) संजय सिंह ने कहा कि सोमवार को वक्फ पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के लिखे गए संविधान में अलग-अलग धर्मों के लोगों को मिले अधिकार के अनुरूप है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि वक्फ बाई यूजर को रद्द करने पर रोक लगा दी गई है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को वक्फ संशोधन बिल पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुप्रीम का करारा तमाचा है। इस फैसले ने वक्फ की जमीनें कब्जा करने का प्लान फेल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का वक्फ बोर्ड पर आया फैसला संविधान में विभिन्न धर्मों के लोगों को मिले अधिकारों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विपक्ष की एक भी सलाह नहीं मानी और गैर संवैधानिक बिल पर चर्चा कराकर सदन का समय बर्बाद किया। अब इस फैसले ने भाजपाइयों का वक्त संशोधन बिल के बहाने देश में नफरती राजनीति करने का मौका भी छीन लिया है।

## रेखा गुप्ता ने लॉन्च किया सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) दिल्ली सरकार ने पहली बार विकसित दिल्ली सीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें 9 हजार में से चुने गए 87 युवा तीन महीने तक विभिन्न सरकारी विभागों में काम करेंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि युवाओं से मिले नए विचार, नई तकनीक और नया विजन सरकार के लिए प्रेरणा और बदलाव का जरिया बनेंगे। दिल्ली सरकार ने युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम योजना की शुरुआत की। राजधानी दिल्ली के शासकीय इतिहास मे ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली सरकार ने युवाओं को सीधे शासन और नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का मंच प्रदान किया है। सीएम का कहना है कि इस योजना से युवाओं को राजधानी का भविष्य गढ़ने में अपनी भूमिका मजबूत करने का अवसर मिलेगा। दिल्ली सचिवालय में आज सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम में दिल्ली के कॉलेजों से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं को इंटर्नशिप ऑफर लेटर वितरित किए गए।

## सवारी के बैग से कैब ड्राइवर ने चुराए थे आभूषण सीसीटीवी की मदद से पकड़ा गया

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) दक्षिणी दिल्ली पुलिस ने साकेत इलाके से एक कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने एक यात्री के बैग से आभूषण चुरा लिए थे। पुलिस ने आरोपी दानिश के पास से चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए हैं जिनमें सोने के मंगलसूत्र बालियां चांदी की पायल और अन्य जेवरात शामिल हैं। यात्री ने आईजीआई एयरपोर्ट जाते समय चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि ग्रेटर नोएडा निवासी एक व्यक्ति ने साकेत थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि वह अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और 10 सितंबर की रात को अपनी पत्नी और बच्चे के साथ फ्लाइट पकड़ने के लिए आइजीआई एयरपोर्ट जा रहा था।

अमृतपाल सिंह प्रिंटर, पब्लिशर व संपादक ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए आईजी प्रिंटर्स प्रा.लिमि., 104, डीएसआईडीसी, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-20 के मालिक/कीपर जगपाल सिंह से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा 24/34 तिलक नगर नई दिल्ली से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.57282/1994

# दिल्ली में रोजाना निकलने वाले कचरे से बनी गैस से चल सकती हैं 17 हजार कारें

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस) क्या आपको पता है, यदि कचरे का सदुपयोग कर लिया जाए तो उससे आपकी गाड़ी का ईंधन भी बन सकता है। इतना ही नहीं दिल्ली-एनसीआर को वायु प्रदूषण जैसे बड़े संकट से भी निजात मिल सकती है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार घरों से निकलने वाला कचरा ईंधन का बड़ा स्रोत है। लेकिन देश की राजधानी दिल्ली इस दिशा में इसलिए पस्त हो जाती है क्योंकि यहां अब तक भी गीला-सूखा कचरा दिखावों और कागजों में ही अधिक अलग होता है। लोगों की खराब आदतें और सरकारी एजेंसियों की अन्यमनस्कता के चलते इस पर कभी सफल परिणाम नहीं निकल सके। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की 'बायो सीएनजी फ्राम म्युनिसिपल सालिड वेस्ट' पर एक रिपोर्ट आई है जिसके अनुसार दिल्ली में प्रतिदिन जितना कचरा निकलता है उससे रोजाना करीब 17 हजार कार चलाई जा सकती हैं। सीएसई की यह रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली में हर दिन 5,210 टन गीला कचरा पैदा होता है। इस कचरे से हर दिन 174 टन यानी एक लाख 74 हजार किलो बायो-सीएनजी तैयार की जा सकती है। राजधानी में यदि किसी वाहन चालक की कार दिनभर औसतन दस किलो सीएनजी खर्च करती है तो इस हिसाब से 17,400 कारों के लिए ईंधन की जरूरत पूरी हो सकती है। इसी तरह यदि इस कचरे से एलपीजी गैस बनाई जाए तो 94 टन एलपीजी तैयार होगी, जिससे हर रोज 6,600 सिलिंडर भरे जा सकते हैं।

# 32 हजार से अधिक बच्चों को किया जागरूक

बिलासपुर 17 सितम्बर (निस) मुंगेली पुलिस अधिकारी हुये सम्मानित ग्रामीण एवं शहरीय 32 हजार से अधिक बच्चों को किया जागरूक मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा संचालित पहल जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मुंगेली पुलिस ने पहल अभियान के उद्देश्यों को पूरा करने का बीड़ा उठाया था। उसी तरण्यमय में आज 32 हजार से अधिक बच्चों को मुख्य बिंदुओं पर पहल-नई जिंदगी की,पहल अनुशासित जीवन की, पहल अच्छे विचारों की ,पहल पूर्ण शिक्षा की, पहल अपराध से बचने की, पहल साइबर धोखाधड़ी से बचने की, पहल यातायात नियमों को अपनाने की, पहल बच्चों के सुनहरे भविष्य की, पहल है एक अच्छे इंसान बनने की की विस्तृत जानकारी दी गई। जीवन मे अपनाते हुये सुरक्षित एवं सफल जीवन जीने को प्रेरित हेतु किया। पहल सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती चेतना देसाई यूनिसेफ रायपुर कार्यक्रम के अध्यक्षक भोजराज पटेल पुलिस अधीक्षक विशिष्ट अतिथि एडीएम श्रीमती निष्ठा पांडे अपर कलेक्टर समाजसेवी शैलजा स्वामी जिले के समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह में समस्त पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य 32000 से अधिक बच्चों एवं आम नागरिकों को अपराध एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक किया गया। जिसमें विभिन्न अपराध, साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल और ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित अपराधों और समाज में व्याप्त विभिन्न कुप्रथाओं के विरुद्ध व्यापक जागरूकता प्रदान की गई है।

# दिल्ली में रोडरेज में टैक्सी ड्राइवर पर जानलेवा हमला

नई दिल्ली 17 सितम्बर (निस)) वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र में रोडरेज में एक मामले में टेंपो चालक व उसके साथियों ने एक टैक्सी चालक पर हमला कर उन्हें मार-मार कर अधमरा कर दिया। इतना ही नहीं हमलावर पीड़ित को जबरदस्ती स्कूटी पर बैठाकर एक खाली प्लॉट में ले गए और उसके पैर पर एक भारी पत्थर से कई बार वार किया, जिससे पैर टूट गया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित पूरी रात खाली प्लाट में तड़पता रहा। अगली सुबह पुलिस ने पीड़ित को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायतकर्ता विपिन के बयान पर गैर-इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विपिन ने बताया कि वह परिवार के साथ कश्मीरी कालोनी रंगपुरी में रहते हैं और कैब चलाते हैं। पीड़ित के अनुसार आठ सितंबर को वह अपने गांव हसनपुर, शामली से अपने दोस्त रोहित और आशीष के साथ बबाइक पर दिल्ली आ रहे थे। रात को करीब 10=30 बजे उन्होंने पत्नी सोनू को फोन कर बताया कि वह महिपालपुर स्थित ढाबे पर खाना खाकर घर आएंगे। घर आने में देर हो जाएगी। उसके बाद जब वह महिपालपुर पहुंचे तो उनकी बाइक एक कैब से टकरा गई। इसको लेकर कैब चालक के साथ उनकी कहासुनी हो गई। झगड़े में कार का शीशा टूट गया। इस बीच एक पत्थर वहां से गुजर रहे टैंपो के शीशे पर लगने उसका शीशा भी टूट गया। शीशा टूटने से गुस्साए टैंपों चालक सुंदर भी उनके साथ झगड़ा करने लगा। सुंदर ने अपने साथियों को भी वहां बुला लिया। मौका मिलने पर आशीष और रोहित वहां से भाग गए। सुंदर और उसके साथियों ने विपिन को पकड़ लिया और उसे बुरी तरह पीटा और जबरन स्कूटी पर बैठा कर एक खाली प्लाट में ले गए।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए फंड अभियान

**पृष्ठ एक का शेष** ...भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 'मिशन चढ़दी कला' की शुरुआत की गई है। चढ़दी कला का भाव – कठिन से कठिन समय में भी हौसला बुलंद रखना, हर दुख में भी मजबूत रहना और हर अंधेरे में भी उम्मीद की रौशनी जलाए रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हर पंजाबी, भारत के हर नागरिक, हमारे उद्योगपतियों, कलाकारों, चैरिटेबल ट्रस्टों और दुनिया भर में रहने वाले अपने पंजाबी भाइयों-बहनों से दिल से अपील करते हैं कि आज पंजाब को आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि आइए, एकजुट होकर इस कठिन घड़ी में पंजाब का हाथ थामें और खुले दिल से मदद करें। भगवंत सिंह मान ने वादा किया कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु आया एक-एक पैसा पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पुनर्वास और निर्माण कार्यों पर ही खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि www.rangla.punjab.gov.in के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों के लिए योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि हम सब मिलकर फिर से साबित करेंगे कि पंजाब कभी हार नहीं मानता। पंजाब हमेशा चढ़दी कला में रहता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनके कार्यालय में वार रूम भी स्थापित किया गया है, जो 'मिशन चढ़दी कला' से संबंधित सभी गतिविधियों की सीधे तौर पर निगरानी करेगा। उन्होंने कहा कि वे खुद रोजाना इन प्रयासों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करेंगे।
राहत कार्यों का जायजा लेने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नरों से बैठक की। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों को बाढ़ राहत कैंपों और अन्य प्रभावित क्षेत्रों का रोजाना दौरा करने के निर्देश दिए

**पीएम मोदी ....**
के अभाव में बीमारी का शिकार न हो। विकसित होते भारत में हमें मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को जितना संभव हो सके, कम करने के प्रयास में जुटे है। इसी मकसद से वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शुरू की गई। योजना के तहत पहली संतान होने पर 5 हजार रुपए और दूसरी बेटी के जन्म पर 6 हजार रुपए सीधे बैंक खाते में आते हैं। अब तक 4.5 करोड़ से अधिक गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ मिल चुका है। अब तक 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मेरी माताओं बहनों के खातों में पहुंच चुकी है।
प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र के धार से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की।

